''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 97 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए मंगलवार, 08 अप्रैल 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## मुख्यमंत्री हरी झंडी दिखाकर फरीदाबाद से गुरुग्राम रवाना करेंगे साइक्लोथॉन यात्रा

### आधी आबादी भी नशा मुक्त हरियाणा अभियान में दे पूरा योगदान : डीसी




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ हिसार से आरंभ हुई साइक्लोथॉन- 2.0 यात्रा प्रदेश के विभिन्न जिलों से होते हुए 10 अप्रैल को पलवल जिला से फरीदाबाद में प्रवेश करेगी और इसके अगले दिन यानी 11 अप्रैल को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी फरीदाबाद से इस साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर गुरुग्राम के लिए रवाना करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त विक्रम सिंह ने विभिन्न हितधारकों के साथ आयोजित बैठक के दौरान दी। साइक्लोथॉन-2.0 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए डीसी विक्रम सिंह ने सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार में विभिन्न स्कूल, कॉलेज, इंडस्ट्रियल एसोसिएशन प्रतिनिधियों के अलावा जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैक टू बैक बैठक ली। उन्होंने साइकिल यात्रा के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक सुझाव दिए और जिला की महिलाओं एवं युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। डीसी ने कहा कि जिला हिसार से शुरू हुई यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव फरीदाबाद है। इसमें महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बेहद खास होगी। इसके लिए पिंक टी-शर्ट में महिलाएं इस यात्रा को लीड करेंगी। जन भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उन्होंने ग्रामीण-शहरी क्षेत्र की महिलाओं के अलावा स्कूल कॉलेज की छात्राओं को साइक्लोथॉन के जरिए नशे के विरुद्ध युद्ध शामिल होने का आह्वान किया।

### साइक्लोथॉन-2.0 में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक पर करें क्लिक

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि साइक्लोथॉन-2.0 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जारी है। उन्होंने जिला वासियों से आह्वान किया कि वे हरियाणा उदय पोर्टल पर उपलब्ध (https://uday.haryana.gov.in/AntiDrugCyclothon) के जरिये अपना रजिस्ट्रेशन करें। रजिस्ट्रेशन अनुरूप साइक्लोथॉन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र भी मिलेगा। उन्होंने साइक्लोथॉन के मार्ग में रिफ्रेशमेंट, मेडिकल टीम, यातायात पुलिस इंतजामों को लेकर भी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर साइक्लोथॉन के नोडल अधिकारी एवं एडीसी साहिल गुप्ता, डीसीपी जसलीन कौर, एसडीएम बड़खल त्रिलोक चंद, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, जिला खेल अधिकारी देवेंद्र गुलिया सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सप्त दिवसीय नि:शुल्क योग चिकित्सा शिविर का शुभारंभ





**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के तत्वाधान में भारतीय योग संस्थान एवं RWA सेक्टर-46, फरीदाबाद के सहयोग से 7 से 13 अप्रैल तक, प्रात: 5:45 बजे से 7 बजे तक सप्त दिवसीय नि:शुल्क योग चिकित्सा शिविर का शुभारंभ फरीदाबाद सेक्टर 46, गीता पार्क (5 सौ गज बेल्ट) हुआ। योगाचार्य जयपाल शास्त्री, हेतराम शास्त्री, छाया एवं राजेश्वरी ने योग शिविर की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। शिविर में मुख्य योग प्रशिक्षक योगाचार्य जयपाल शास्त्री ने साधकों को सरल योगासन, सूक्ष्म क्रियाएं, यौगिंग जॉगिंग के अभ्यास तथा प्राणायामों का परिचय कराया व उनके लाभ बताए। योग की सुंदर व्यवस्थाओं में हेतराम शास्त्री, छाया, राजेश्वरी, रश्मि, गुप्ता, रामचंद्र सैनी व अजीत आदि ने योगदान दिया एंव अनिल कपूर ने योग प्रशिक्षण में सहयोग किया। सिंहासन, हास्यासन एवं तालीवादन करते हुए शान्ति पाठ को साथ योग सत्र का समापन किया गया।




## समाज का आइना होते हैं पत्रकार : राजीव जेतली

### मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार का फरीदाबाद पत्रकार एसोसिएशन ने किया अभिनंदन

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पत्रकार समाज का आईना होते हैं। जो सरकार और जनता के बीच कड़ी काम का काम करते हैं। उक्त वाक्य मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेतली ने फरीदाबाद पत्रकार एसोसिएशन द्वारा आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वैसे तो भाजपा की नायब सैनी सरकार पत्रकारों के हितों में पहले से ही काम कर रही है परंतु और भी कई योजनाएं ऐसी हैं जिन्हें पत्रकारों के सुझावों से अमलीजामा पहनाते हुए सरकार और अधिक मजबूती से पत्रकारों के हित के लिए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि वे सरकार और पत्रकारों के बीच कड़ी का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आज मीडिया का दायरा बहुत बढ़ गया है। अब लोग विदेशों में भी अपने गृह क्षेत्र की हर छोटी खबर को देख, सुन व पढ़ सकते हैं। इस मौके पर फरीदाबाद पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर गोयल ने भी पत्रकारों के हितों के लिए पेंशन की उम्र सीमा 60 साल से 58 साल करने, पत्रकारों के लिए हाउसिंग स्कीम, एक्रीडेशन की पॉलिसी का सरलीकरण, पत्रकारों की टोल फ्री यात्रा सहित कई सुझाव राजीव जेतली के समक्ष रखे। जिस पर राजीव जेतली ने कहा कि वे इस संदर्भ में मुख्यमंत्री से बात कर इन सुझावों को अमलीजामा पहनाने का पूरा प्रयास करेंगे। इस मौके पर महिला पत्रकार एसोसिएशन की



ओर से प्रधान पूजा शर्मा व महिला सदस्यों ने भी राजीव जेतली का अभिनंदन किया। बता दें कि राजीव जेतली इससे पूर्व भी निवर्तमान मुख्यमंत्री मनोहरलाल के मीडिया सलाहकार रह चुके हैं। इस मौके पर पंजाब केसरी से राजेश नागर, जी न्यूज से अमित चौधरी, विराट वैभव से खेमचंद गर्ग, पंजाब केसरी टीवी, एएनआई से पूजा शर्मा,हिंदुस्तान टाइम्स से सुभाष शर्मा, एनबीटी से ओमदेव शर्मा, राजा पटेल खबरें अभी तक, पुष्पेंद्र राजपूत हरियाणा अब तक, धर्मेंद्र राजपूत, फरीदाबाद न्यूज, जितेन्द्र वत्स साधना टीवी, मानसी अरोड़ा संचार न्यूज, वीना शर्मा, पंजाब केसरी, कोमल गुप्ता चैनल 4, मनोज तोमर ह्यूमन इंडिया, योगेश गर्ग अटल हिंद,प्रवीण शर्मा पंजाब केसरी, नरेंद्र शर्मा इंडिया टीवी, शिवम शर्मा डेली न्यूज हरियाणा, सुनील चौधरी टीवी 9, पंकज गर्ग उदय भास्कर, संजय गुप्ता हर खबर, प्रेम ईटीवी भारत, सुरेश गौतम हिंदुस्तान विजन, दिनेश भारद्वाज हिंदुस्तान अब तक, रुस्तम जाखड़ दैनिक भास्कर सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

## अग्रवाल कॉलेज द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस को स्वस्थ आनंद थीम पर जीवंत उत्सव के साथ मनाया

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ की एन एस एस इकाई ॥ ने विश्व स्वास्थ्य दिवस को स्वस्थ आनंद थीम पर जीवंत उत्सव के साथ मनाया। यह कार्यक्रम डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, कार्यवाहक प्राचार्य के कुशल मार्गदर्शन और डॉ.प्रियंका सेहरावत, कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस इकाई ॥ की देखरेख में स्वस्थ जीवन शैली और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। दिन की शुरुआत उत्साह के साथ हुई क्योंकि स्वयंसेवकों ने पंजीकरण किया और जंक फूड का सेवन कम करने की शपथ ली। इस प्रतिबद्धता ने स्वस्थ




गतिविधियों और सार्थक बातचीत से भरे दिन के लिए मंच तैयार किया। समारोह का मुख्य आकर्षण फल और सलाद प्रतियोगिता थी, जिसमें स्वयंसेवकों ने अपने पाक कौशल और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का निर्णायक डॉ. अर्चना चौहान और सुश्री मानशी त्यागी थीं, जो स्वस्थ व्यंजनों की विविधता और प्रस्तुति से प्रभावित हुई। तनिषा विजेता बनीं, उन्होंने पहला स्थान हासिल किया, उसके बाद नेहा दूसरे और विवेक सिंह तीसरे स्थान पर रहीं। आंतरिक गतिविधियों से परे, एनएसएस इकाई-॥ ने सेवाधरम रोगी देखभाल केंद्र तक अपनी पहुंच बढ़ाई, एक दान अभियान का आयोजन किया और बुजुर्ग निवासियों के साथ बातचीत की। स्वयंसेवकों ने समुदाय कल्याण के प्रति इकाई की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए, संगति और समझ प्रदान की। स्वस्थ आनंद थीम पूरे दिन गूंजती रही, जिसमें एक स्वस्थ और अधिक दयालु समाज बनाने में व्यक्तिगत विकल्पों के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका सेहरावत ने किया। एनएसएस इकाई-॥ द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस का उत्सव सकारात्मक परिवर्तन को बढ़ावा देने में युवाओं की शक्ति का प्रमाण था।

## खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर के मीडिया सलाहकार बने पत्रकार राजेश नागर

### वरिष्ठ पत्रकार राजेश नागर को नई जिम्मेदारी मिलने पर लगा बधाइयों का तांता

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** करीब तीन दशक से शहर में पत्रकारिता कर रहे राजेश नागर अब हरियाणा सरकार के खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर के मीडिया सलाहकार बन गए हैं। इस बारे में सूचना मिलते ही उन्हें बधाइयों का तांता लग गया। नई जिम्मेदारी मिलने पर राजेश नागर ने बताया कि वह समाज की सेवा के लिए संकलपित हैं। इसके लिए ही उन्होंने पत्रकारिता के पेशे को चुना था। बतौर पत्रकार समाज के लिए जो बन सका वो



किया। अब नई जिम्मेदारी को भी बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि मंत्री राजेश नागर बहुत साफ छवि के नेता हैं जो अपने दिल में तिगांव विधानसभा क्षेत्र को विकसित क्षेत्र के रूप में देखना चाहते हैं। मैंने उन्हें जनता की सेवा करते देखा है और जब मुझे उनका सहयोग करने का अवसर प्राप्त हुआ तो मुझे लगा कि यह भी जनसेवा का मौका है। मैं प्रयास करूंगा कि मंत्री राजेश नागर के मार्फत हरियाणा सरकार की सही छवि जनता तक पहुंचा सकूं। बता दें कि राजेश नागर फरीदाबाद पत्रकार एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं जो कि फरीदाबाद में पत्रकारों की सशक्त आवाज है। राजेश नागर ने दैनिक ट्रिब्यून, पंजाब केसरी और गुड़गांव मेल जैसे अखबारों के माध्यम से पत्रकारिता करते हैं और स्थानीय जनता में साफ छवि रखते हैं। राजेश नागर ने बताया कि उन्हें बधाई देने के लिए अनेक लोग व्यक्तिगत आ रहे हैं और संचार के अन्य साधनों से भी उन्हें बधाइयां मिल रही हैं। इनमें पत्रकार साथी, राजनेता, व्यापारी वर्ग, उद्यमी और समाजसेवी बड़ी संख्या में शामिल हैं।



# अखिलेश बोले-लाल जी सुमन को कुछ हुआ तो योगी जिम्मेदार

## करणी सेना पर उनका हाथ, पूरा यूपी गोरखपुर के लोग ही चला रहे





**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- अगर राणा सांगा पर दिए बयान को लेकर सांसद रामजी लाल सुमन के साथ कोई घटना होती है तो इसके लिए सीएम खुद जिम्मेदार होंगे। क्योंकि वो खुद उस संगठन (करणी सेना) पर हाथ रखे हैं। उन्होंने कहा कि सीएम ऐसे लोगों को बढ़ावा दे रहे हैं। जिस तरह से हिटलर के जमाने में होता था। वही इस सरकार में हो रहा है। एक अंडरग्राउंड फौज तैयार कर रखी है। जो समय-समय पर थाने और तहसील में लोगों को अपमानित कर रही है। भाजपा अपनी नाकामी छिपाने के लिए कम्युनल रास्ता अपना रही है। खासकर सबसे अयोध्या हारी है। तब से और कानून तोड़ने पर उतारू है। पूरे यूपी पर गोरखपुर के लोग राज कर रहे हैं। लखनऊ में सपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश ने ये बातें कहीं। उन्होंने खुद बसपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री दद्दू प्रसाद को सपा की सदस्यता दिलाई। इसके अलावा, बसपा के पूर्व कोऑर्डिनेटर सलाउद्दीन ने भी सपा जॉइन की। अखिलेश ने कहा कि पूरा यूपी गोरखपुर ही रूल कर रहा है। सीएम जब-जब गोरखपुर जाते हैं, वहां से लौटकर आते है। उसी बीच हत्या हो जाती है। कोई ऐसी विजिट उठाकर देख लीजिए, जब ऐसा न हुआ हो। वो जब लौटते हैं तुरंत हत्या हो जाती है। पूरा यूपी गोरखपुर के लोग ही चला रहे हैं। प्रयागराज के एक मंत्री का बिना नाम लिए अखिलेश ने कहा कि प्रयागराज विकास प्राधिकरण (PDA) ने पिछले दस साल में प्लॉट जितने भी थे वो दो से तीन लोगों को एलॉट कर दिए। मंत्री तो सब ले लिया है।2. गाजी की दरगाह पर झंडा फहराने वाला सीएम की जाति काप्रयागराज में गाजी की दरगाह पर युवकों के झंडा फहराने से जुड़े सवाल पर अखिलेश ने कहा- युवकों पर कार्रवाई इसलिए नहीं हो रही है कि करने वाला सीएम की जाति का है। इसलिए उसे न एसओ बोलेगा, न एसपी बोलेगा। न डीएम बोलेगा न कमिश्नर बोलेगा। हम लोग इसीलिए कहते थे कि संविधान खतरे में हैं। बाबा साहब का संविधान हमारे लिए संजीवनी है। हमें सम्मान दिलाता है। पुलिस जो देखकर टांग पर गोली मारती है। ये सब सीएम के इशारे पर हो रहा है। क्योंकि उन्हें नाकामी छिपानी है। 3. मुद्रा योजना पर सरकार से जवाब मांगा अखिलेश ने केंद्र सरकार की मुद्रा योजना के 10 साल पूरे होने पर कहा- मुद्रा योजना झुठ्ठा योजना बनकर रह गई है। मुद्रा योजना के दस साल पूरे हो रहे। इसे लेकर बीजेपी से पूछना चाहता हूं कि क्या सच में 52 करोड़ लोगों को इसका फायदा मिला। बता दें कि बांटा गया 33 लाख करोड़ रुपया कहां गया। क्या इसका कोई ऑडिट हुआ। क्या सरकार को इससे कभी इनकम टैक्स मिला। क्या 52 करोड़ में किसी ने जीएसटी का रजिस्ट्रेशन कराया। क्या यह योजना अपने लोगों को पैसा पहुंचाने का माध्यम बनकर रह गई। जवाब जुमलाई सरकार देगी या बैंक? पैसे लूटने में सबसे ज्यादा इनके लोग ही हैं। इनका अधिकारी पकड़ा गया। वो कहीं नहीं है सीएम आवास में ही छिपा है। गोमती नगर रिवर फ्रंट के फव्वारे गोरखपुर भेजे गुजरात में अहमदाबाद रिवर फ्रंट का काम शुरू होने जा रहा है। सिंगापुर की कंपनी बनाने जा रही है। गोमती रिवर फ्रंट है, जो सबसे सुंदर है। सुनने में आ रहा है कि यहां के फव्वारे चुराकर गोरखपुर में लगा दिए। रही बात नाव की तो जो वाटर बस थी, वो प्रयागराज में चल रही है। 5. हम जहां से निकलते हैं, गंगाजल से धुलवाती है बीजेपी हम या दद्दू प्रसाद जी किसी मंदिर में जाएं तो बीजेपी उसे गंगा जल से धुलवाती है। मैं एक मंदिर में गया था, वहां ब्राह्मण मना कर रहे थे कि रहने दो । मगर बीजेपी वालों ने मंदिर को धुलवाया। पीडीए के लोगों को यह तकलीफ हमेशा उठानी पड़ती है। इसीलिए हम एकजुट हो रहे। योगी कहते रहते हैं कि 80 20 की लड़ाई है। हम पूछते हैं कि हम 80 में हैं कि 20 में। मैं कहना चाहता हूं कि लड़ाई 90- 10 की है। हम लोगों के जाने के बाद मंदिर न धोया जाए इसके लिए क्या किया जाए। 6. योगी 3 टप्पे के बाद बॉल पर बैट मारते हैं बीजेपी अपने नेताओं के नाम पर संस्थानों का नाम रखती है। हमें इस बात का कोई दुख नहीं है। लोकभवन में अटल जी अकेले खड़े होकर बोर हो रहे होंगे। लोकभवन समाजवादी पार्टी की सरकार में ही बना है।

## रालोद की बैठक में अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर बांटी गई जिम्मेदारी



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय लोक दल कुशीनगर की एक आवश्यक बैठक कसया तहसील क्षेत्र के फाजिलनगर क्षेत्र के ग्राम मधुरिया में सम्पन्न हुई। जिसमें आगामी 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी बांटी गई।सोमवार को हुई बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव सिया शरण पान्डेय ने कहा कि बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की जयंती रालोद धूमधाम से मनाएगी। बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से देश के हर नागरिक को अधिकार दिया है। बैठक में वक्ताओं ने अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। अध्यक्षता करतेहुए जिला अध्यक्ष विनोद प्रताप कुंअर ने जयंती को लेकर अपने विचार रखे। सर्वसम्मति से यह तय हुआ कि सर्व प्रथम पडरौना में बाबा भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा। सभी विधानसभा स्तर पर भव्य आयोजन किया जाएगा। बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती की सफलता को लेकरफाजिलनगर विधानसभा में निवास गुप्ता, कुशीनगर विधान सभा के प्रभारी प्रदेश सचिव सुरेश शाही व मनिष पांडेय गर्ग रामकोला विधानसभा, वरिष्ठ नेता गणेश प्रसाद व रामभवन राय तमकुही राज में अरविंद सिंह, मनिष गुप्ता पडरौना, वरिष्ठ नेता सिताराम मौर्य हाटा विधानसभा, चन्द्र प्रकाश दुबे विन्देश्वर प्रसाद खड्डा विधानसभा, जोखु प्रसाद सिरजेश यादव को कार्यक्रम प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई।

# योगी जी के राज में, गरीब किसान की सब्जी की बारी में दबंगों ने किया जबरन अवैध कब्जा




**संवाददाता**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश हमीरपुर के पुराना बेतवा घाट निवासी गरीब किसान सुरेश निषाद की सब्जी की बारी पर दबंगों ने जबरन किया अवैध कब्जा। गरीब किसान सुरेश निषाद ने बताया कि वो पिछले करीब 30 सालों से बेतवा नदी किनारे सब्जी की बारी लगाकर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था,जबकि नदी का पानी घटने के बाद उसने नदी किनारे अपनी बारी में करीब सौ डेढ सौ गड्ढे खोदकर उनमें बीज डाले थे, इसी बीच दिवाली के बाद दोपहर करीब 12 बजे एक दिन अचानक नगर के रमेड़ी निवासी दबंग आकाश और विकास ने उसकी बारी की जगह को अपना खेत बताकर पहले तो 30 हजार रुपये की अवैध तौर पर मांग की, लेकिन जब किसान ने रुपये देने से मना कर दिया, तो दबंगों ने उसकी बारी में खोदे गये गड्ढों में उसके बीजों को उखाड़ कर फेंक दिया गया, वही विरोध करने पर पीड़ित किसान और उसकी पत्नी रनिया को दबंगों ने मारा पीटा,साथ ही पीड़ित को धमकी दी गई कि दोबारा बारी की तरफ दिखाई दिये, तो बहुत मारे जाओगे। जबकि पीड़ित की बारी को दबंगों ने जबरन अपनी दबंगई के बल पर बलवीर निषाद नामक व्यक्ति को दे दिया गया है। हालांकि पीड़ित किसान सुरेन्द्र निषाद पुत्र मलखान निषाद ने दावा करते हुये कहा कि राजस्व विभाग की खतौनी में दर्ज उनके दबंग विरोधियों का खेत उसकी बारी के पास से करीब 40 फिट की दूरी पर है, लेकिन इसके बावजूद भी दबंगों ने उसकी बारी पर जबरन अवैध कब्जा कर लिया है, जिसके चलते पीड़ित से उसकी रोजीरोटी छिन गई है, वही उसके और उसके परिवार के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित किसान सुरेश निषाद ने मुख्यमंत्री सहित उच्चधिकारियों से दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कर उसे न्याय दिलाने की गुहार लगाते हुये उसकी सब्जी की बारी उसे वापस दिलाये जाने की मांग की है।

## सरकार से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित कमला



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** जनपद के कप्तानगंज तहसील क्षेत्र के भड़सर गांव के ठूठी टोला निवासी कमला ने कप्तानगंज तहसील में पहुंचकर उप जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंप कर रास्ते की मांग की है।साथ ही उनका कहना है कि मैं सन 2014 से अधिकारियों का दफ्तर का दौड़ लगाते लगाते अब थक चुका हूं। अब इस सरकार में न्याय मिलना बड़ी मुनसिब है दबंगों के हौसले इस कदर भारी पड़ रहे हैं कि प्रार्थी अपने घर से सड़क पर जाने के लिए किसी गाड़ी नहीं बल्कि पैदल भी जाने पर तरसता है । प्रार्थी के घर की दीवारें, छते हैं अब ढहने के कगार पर है । बरसात के मौसम में छत के नीचे तिरपाल तान कर गुजर बसर करने पर मजबूर हैं। सरकार द्वारा दी जा रही किसान सम्मन निधि भी अब प्रार्थी को नहीं मिल रहा है। उस सम्मान निधि में अब मृत्यु घोषित कर दिया गया है जबकि प्रार्थी अभी जिंदा है वाह रे न्याय वाह रे जिम्मेदार आखिर इस पीड़ित को इस योगी मोदी की सरकार में कब मिलेगा न्याय कब मिलेगा रास्ता कब मिलेगा सम्मान निधि कब मिलेगा। सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ यह अब एक सवालिया निशान बनकर रह गया है जरा गौर से देखिए हाथ में लिए दरख्वास यह कोई और नहीं यह एक बेबस लाचार पीड़ित कमला सिंह है । पीडीत ने मीडिया से बातचीत के दौरान आगे उन्होंने क्या कुछ कहा यह रोंगटे खड़े कर देने वाला विषय है फिलहाल अब यह देखने वाली बात होगी अब इनको अधिकारियों के द्वारा शासन प्रशासन के द्वारा न्याय मिल पाता है कि नहीं।

# श्रीराम कथा से मिलते हैं पारिवारिक समरसता, संस्कारः दुर्गेश राय



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** फाजिलनगर के लवकुश पश्चिमपट्टी पांडेय टोला में चल रही श्रीराम कथा के आठवें दिन मानस कोकिला पंडित विजय लक्ष्मी शुक्ला ने भगवान श्रीराम के वनवास प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण व मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि वनवास श्रीराम के लिए एक दंड नहीं, बल्कि धर्म की स्थापना और लोकहित के लिए उठाया गया एक कदम था। इस प्रसंग में कौशल्या, सुमित्रा, भरत और लक्ष्मण के भावनात्मक संवादों ने श्रोताओं की आंखों को नम कर दिया। पंडित विजय लक्ष्मी शुक्ला ने कहा कि श्रीराम का वनगमन केवल एक राजकुमार का वन जाना नहीं था, बल्कि यह एक राजधर्म, मातृ-पितृ भक्ति और वचन पालन की पराकाष्ठा थी। भरत का त्याग, लक्ष्मण की सेवा भावना और माता कौशल्या का विषाद आज भी हमें मयार्दा, सेवा और संयम का संदेश देता है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने मानस पूजन एवं आरती की। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और नैतिकता का भाव जागृत होता है। वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्र प्रकाश यादव चमन, समाजसेवी प्रणय उर्फ हैप्पी शुक्ला, नन्द किशोर पाण्डेय, मुकुल तिवारी, अखिलेश शुक्ला, राजेश दुबे, भाजपा नेता राणा प्रताप मिश्र, सिद्धेश्वर मिश्र, अरविन्द पाण्डेय, चन्द्रशेखर पाण्डेय, डॉ. विकेश मिश्र, अभय मिश्र, कृष्ण शंकर मिश्र, धीरज मिश्र, मन्नी मिश्र, रमाशंकर मिश्र, नन्हे पाण्डेय, सोनू पाण्डेय, वेदव्यास पाण्डेय, डॉ. ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, वीरेंद्र पाण्डेय, विनोद शर्मा सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नोडल अधिकारी आशुतोष कुमार मिश्र की पहल लाई रंग



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चले 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान में जनपद कुशीनगर को प्रदेश में सम्मान जनक स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि को लेकर जनपद में सर्वत्र सराहना हो रही है। इस मुहिम को आगे बढ़ाने में वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला सहायक/नोडल अधिकारी आशुतोष कुमार मिश्रा की मुहिम रंग लायी है। जनपद में 2266 नये रोगी चिन्हित किए गए। वर्तमान में 4235 मरीजों का उपचार चल रहा है और इनमें 3380 मरीजों ने गोद लेने की सहमती दी है। उनमें 70 प्रतिशत को वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला सहायक/नोडल अधिकारी आशुतोष कुमार मिश्र के प्रयास से विशिष्ट लोगों अधिकारियों द्वारा गोद लिए मरीजों को पोषण पोटली के रूप में एक किलो गुड़, एक किलो भुना चना, एक किलो सत्तू, एक किलो मूँगफली का दाना, एक किलो गजक, एक किलो हॉर्लिक्स या बोर्नविटा इत्यादि नियमित दिया जा रहा है। सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन को लेकर 15 जिलों में 7 दिसम्बर से 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान चलाया गया था। अभियान की समीक्षा के पश्चात मुख्यमंत्री के निर्देश पर एक जनवरी से 24 मार्च तक यह कार्यक्रम जिले के नोडल अधिकारी आशुतोष मिश्रा की देख रख में चला। उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों जैसे सुगर, बीपी, कैंसर, एचआईबी एवं 60 वर्ष के ऊपर के व्यक्तियो को चिन्हित कर उनकी टीबी के लक्षणों की स्क्रीनिंग कर बलगम की जाँच नॉट मशीन एवं माइक्रोस्कोपी से की गयी। जनपद में 15 प्रतिशत आबादी लगभग 667980 लोगों की उच्चजोखिम की मैपिंग आयुष्मान आरोग्य मन्दिर द्वारा किया गया। अभियान के दौरान लगभग 769417 व्यक्तियो के टीबी लक्षणों की स्क्रीनिंग की गयी। बलगम के नमूनों की जाँच जिसमें 7301 का नाट मशीन से, 3209 कुल 10510 की जांच माइक्रोस्कोपी से की गयी। जबकि 28108 व्यक्तियो की एक्सरे द्वारा जाँच किया गया। टीबी यूनिट कसया में अभियान के दौरान कुल लगभग 269 टीबी मरीज मिले जबकि 456 रोगियों का इलाज चल रहा है और 437 को पोषण पोटली दी जा रही है। निक्षय मित्र नोडल अधिकारी श्री मिश्र ने त्याग, सेवा, समर्पण और दृढ़ निश्चय के साथ टीबी के मरीजों को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत रोग मुक्त बनाने के लिए समाज के विशिष्ट लोगों, विभागों और उपक्रमों के संचालकों को सहयोग के लिए प्रेरित किया और जनपद और कसया में मरीजों को पोषण पोटली दिलाकर पोटली वाले बन गए और उनकी एक अलग पहचान बन गई। श्री मिश्र के 2022- 2023 में हाटा में तैनाती के दौरान लोगों ने 224 मरीजों को गोद लिया। जनपद के जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं मुख्यविकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा स्वयं टीबी रोगियों को गोद लेकर जनपद के समस्त विभागों के जनपद स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों को टीबी रोगियों को गोद लेने हेतु प्रेरित किया गया। आशुतोष मिश्र द्वारा बीएसए डॉ रामजियावन मौर्या से मिलकर एक योजना बनाई गयी जिसके फलस्वरूप जनपद में अबतक बेसिक विभाग द्वारा 965 टीबी रोगियों को गोद लिया जा चुका है। इसी क्रम में जिला पंचायत अधिकारी के सहयोग से 285 टीबी रोगी,स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1132,आईएमए द्वारा 52, अवध सुगर मिल हाटा द्वारा 51, प्रवासी मदद फाउंडेशन द्वारा 11, ऐशप्रा ज्वेलर्स द्वारा 5,विद्युत विभाग द्वारा 5 मरीजों को तथा पीडब्ल्यूडी के अभियंताओ द्वारा 6 मरीजों को गोद लिया गया। निक्षय मित्र नोडल आशुतोष मिश्र कहते है कि टीबी रोगियों को पोषण पोटली दिलाना अत्यंत ही पुनीत कार्य है। टीबी रोगी को गोद लेने वाले व्यक्ति हमारे लिये बेहद महत्वपूर्ण होता है। क्योंकि उनके द्वारा दिये गये प्रोटीनयुक्त आहार का खाकर शीघ्र स्वस्थ हो जाता है। मरीज स्वस्थ होने के बाद जो उसके चेहरे पर मुस्कान देखने को मिलती उससे मन प्रफुल्लित होता है। श्री मिश्र ने कहा कि इस कार्य में बहुत सारी मुश्किलें आती है लेकिन जैसे ही किसी के रोगी को गोद लेने की सहमती मिलती है। मन प्रफुल्लित हो जाता है।दवा और पोषण पोटली मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। निक्षय मित्र नोडल की जिम्मेदारी मिलने के बाद पूरे जनपद में लगातार निक्षय मित्रों का इजाफा हो रहा है तथा पोषण पोटली का भी ग्राफ पहले से काफी बढ़ गया है।

उन्होंने ने बताया कि लगातार निक्षय मित्रों का सहयोग मिल रहा है जिसमें हम अतिशीघ्र सहमति देने वाले टीबी रोगियों को शत प्रतिशत गोद दिलाने में सफल होंगे ऐसा पूर्ण विश्वास है।

## संक्षिप्त डायरी

### हमीरपुर की चिकासी पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**संवाददाता**

**हमीरपुर** । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की चिकासी पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत मु0 अ0 सं0 22/25288/352/351(3)/308(4)/308(5/3(5) बीएनएस के फरार चल रहे झांसी के गरौठा निवासी 25 वर्षीय अभियुक्त शिवम सिंह पुत्र उदयवीर सिंह को बरौलीखरका मोड़ ग्राम चिकासी से गिरफ्तार कर अदालत भेजा गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आभियुक्त के खिलाफ दो मामले पहले से ही गरौठा थाने में दर्ज हैं,अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से एस आई भुलईराम यादव, कांस्टेबल शिवम यादव सहित कांस्टेबल हरिओम शर्मा शामिल रहे। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से एस आई भुलईराम यादव, कांस्टेबल शिवम यादव सहित कांस्टेबल हरिओम शर्मा

### मोरम का अवैध खनन करने पर राठ के टोला खंगारन खण्ड संख्या-6- के पट्टाधारक के खिलाफ भेजा गया 27 लाख 86 हजार का जुमार्ना जमा करने का नोटिस








**संवाददाता**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश हमीरपुर के तेज तर्रार जिलाधिकारी घनश्याम मीना की सख्ती के चलते राठ तहसील के टोला खंगारन मोरम खण्ड--6-में पिछले दिनों खनिज विभाग की टीम ने छापा मार कार्यवाही के दौरान बडे. पैमाने पर मोरम का अवैध खनन पकड़ा गया था, जिसके बाद टीम ने खण्ड के पट्टाधारक राम कुमार सिंह के खिलाफ 27 लाख 86 हजार के जुमार्ने की कार्यवाही की गई थी, लेकिन अभी तक इस खण्ड के पट्टाधारक सहित खण्ड के दबंग संचालक अंगद सिंह भदौरिया ने 27 लाख 86 हजार रुपये का जुमार्ना खनिज विभाग में जमा करने की जहमत नहीं उठाई थी, जिसके बाद जुमार्ने की वसूली के लिये जिलाधिकारी के निर्देश पर खनिज विभाग ने सख्ती दिखाते हुये खण्ड-6-- के पट्टाधारक राम कुमार सिंह के खिलाफ वसूली नोटिस जारी कर दिया, वही खनिज विभाग के अवैध खनन वसूली नोटिस से मोरम माफियाओं में हडकंप मचा है। जबकि जांच के दौरान टीम ने टोला खंगारन के ही खण्ड संख्या-5 के पट्टाधारक सागर पारेचा के यहाँ भी अवैध खनन पाया था, जिसके बाद खनिज विभाग की टीम ने पट्टाधारक के खिलाफ 39 लाख 33 हजार का जुमार्ना लगाया गया था, जिसके बाद अब दोनों पट्टाधारक के खिलाफ वसूली का नोटिस जारी किया गया है, वही हमीरपुर जिलाधिकारी घनश्याम मीना के निर्देश पर 5 अप्रैल 2025 की रात खनिज विभाग हमीरपुर की टीम ने अवैध खनन के साथ ही अवैध परिवहन की जांच की। जांच में मोरम के 10 ट्रक अवैध परिवहन करते हुये पाये गये,जिनके खिलाफ खनिज विभाग ने आनलाइन चालान की कार्यवाही की, जिसमें करीब 5 लाख 8 हजार का राजस्व मिलने की उम्मीद है। साथ ही 2 ट्रकों को क्षेत्र के थानों में सीज किया गया।

### विधायक पी.एन पाठक के नेतृत्व में निकली बाइक रैली, जनता को गिनाई उपलब्धियां



**संवाददाता**

**कसया,कुशीनगर।** प्रदेश में भाजपा की योगी सरकार के आठ वर्ष पूरा होने पर भाजयुमो ने कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक के नेतृत्व में भव्य बाइक रैली निकाली। बाइक रैली में युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, मोदी योगी जिन्दाबाद के नारे लगाए। कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने योगी सरकार के आठ वर्षों ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। भाजपा जो कहती है वो करती है। योगी सरकार की नीतियों के कारण देश के अग्रणी विकासशील प्रदेशों में यूपी गिना जाने लगा है। शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, बिजली उद्योगों में निवेश के मामले में प्रदेश सबसे आगे पहुंच गया है। कुशीनगर विधानसभा का सर्वांगीण विकास हो रहा है। बाइक रैली कुशीनगर बिरला धर्मशाला से होते हुए कसया नगर गांधी चौक, कसाडा चौक पर समापन हुआ। रैली के दौरान विधायक श्री पाठक ने कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया। विधायक श्री पाठक ने प्रदेश में भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कसाडा चौक पर दर्जनों दुकानदारों में पत्रक वितरण किया। बाइक रैली कार्यक्रम संयोजक भाजपा नेता आदित्य मिश्रा ने कहा कि मोदी एवं योगी सरकार सबका साथ सबका विकास के आधार पर कार्य कर रही है। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। डबल इंजन की सरकार गरीब, युवा, महिला और किसानों को समर्पित है। इस दौरान सभासद सूर्यनाथ यादव, राजेश मद्धेशिया, केशव सिंह, मुन्ना शर्मा, मंडल अध्यक्ष आद्या पांडेय, युवा मोर्चा आदित्य त्रिपाठी, राजेश राव, अमरजीत कुशवाहा, तेजप्रताप पाठक, किरन सिंह, विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, बिरेंद्र त्रिपाठी, अंबिकेश तिवारी,सुनील कौशिक, राज पाठक, अमित मालवीय, संजीव दुबे, कुंदन दुबे,आदित्य उपाध्याय, तिवारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## संपादकीय

# कहीं मंदी की चपेट में न आ जाए अमेरिकी अर्थव्यवस्था

वर्तमान में बढ़े हुए टैरिफ का बोझ अमेरिकी नागरिकों को उठाना पड़ेगा और उन्हें अमेरिका में महंगे उत्पाद खरीदने होंगे, क्योंकि नई विनिर्माण इकाईयों की स्थापना में तो वक्त लग सकता है, विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन तुरंत तो बढ़ाया नहीं जा सकता अतः जब तक नई विनिर्माण इकाईयों की अमेरिका में स्थापना हो एवं इन विनिर्माण इकाईयों में उत्पादन शुरू हो तब तक अमेरिकी नागरिकों को महंगे उत्पाद खरीदने हेतु बाध्य होना पड़ेगा। इससे अमेरिका में एक बार पुनः मुद्रा स्फीति की समस्या उत्पन्न हो सकती है एवं ब्याज दरों के कम होने के चक्र में भी देरी होगी, बहुत सम्भव है कि मुद्रा स्फीति को कम करने की दृष्टि से एक बार पुनः कहीं ब्याज दरों के बढ़ने का चक्र प्रारम्भ न हो जाए। लम्बे समय में जब अमेरिका में विनिर्माण इकाईयों की स्थापना हो जाएगी एवं इन इकाईयों में उत्पादन प्रारम्भ हो जाएगा तब जाकर कहीं मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाया जा सकेगा। विभिन्न देशों से आयातित उत्पादों पर टैरिफ सम्बंधी घोषणा के साथ ही, डॉलर पर दबाव पड़ना शुरू भी हो चुका है एवं अमेरिकी डॉलर इंडेक्स घटकर 102 के स्तर पर नीचे आ गया है जो कुछ समय पूर्व तक लगभग 106 के स्तर पर आ गया था। इसी प्रकार अमेरिका में सरकारी प्रतिभूतियों की 10 वर्ष की बांड यील्ड पर भी दबाव दिखाई दे रही है और यह घटकर 4.08 के स्तर पर नीचे आ गई है, यह कुछ समय पूर्व तक 4.70 के स्तर से भी ऊपर निकल गई थी। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़नी प्रारम्भ हो गई है एवं यह पिछले चार माह के उच्चतम स्तर, लगभग 85 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर, पर आ गई है। ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ सम्बंधी लिए गए निर्णयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर लम्बी अवधि में तो हो सकता है परंतु छोटी अवधि में तो निश्चित ही यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था को विपरीत रूप से प्रभावित करते हुए दिखाई दे रहा है। अमेरिकी पूंजी बाजार (शेयर बाजार) केवल दो दिनों में ही लगभग 10 प्रतिशत तक नीचे गिर गया है और अमेरिकी निवेशकों को लगभग 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। इतनी भारी गिरावट तो वर्ष 2020 में कोविड महामारी के दौरान ही देखने को मिली थी। यदि यही स्थिति बनी रही तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था कहीं मंदी की चपेट में न आ जाय। यदि ऐसा होता है तो पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था भी विपरीत रूप से प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगी। अतः ट्रम्प प्रशासन का टैरिफ सम्बंधी उक्त निर्णय अति जोखिम भरा ही कहा जाएगा।



**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

जब पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था विपरीत रूप से प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगी तो भारत की अर्थव्यवस्था पर भी कुछ तो विपरीत असर होगा ही। इस संदर्भ में किए गए विश्लेषण से यह तथ्य उभरकर सामने आ रहा है कि बहुत सम्भव है कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत से आयातित वस्तुओं पर लगाए गए 26 प्रतिशत के टैरिफ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत अधिक विपरीत प्रभाव नहीं हो। क्योंकि, एक तो भारत से अमेरिका को निर्यात बहुत अधिक नहीं है। यह भारतीय सकल घरेलू उत्पाद का मात्र लगभग 3-4 प्रतिशत ही है। वैसे भी भारतीय अर्थव्यवस्था निर्यात पर निर्भर नहीं है एवं यह विभिन्न उत्पादों की आंतिरक मांग पर अधिक निर्भर है। भारत से सकल घरेलू उत्पाद का केवल लगभग 16 प्रतिशत (वस्तुएं एवं सेवा क्षेत्र मिलाकर) ही निर्यात किया जाता है। दूसरे, भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने कुछ उत्पादों को उक्त टैरिफ व्यवस्था से फिलहाल मुक्त रखा गया है, जैसे फार्मा उत्पाद, सेमीकंडक्टर, स्टील, अल्यूमिनियम, ऑटो, ताम्बा, बुलीयन, एनर्जी आदि।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शीघ्र ही मोनेटरी पॉलिसी के माध्यम से रेपो दरों में परिवर्तन की घोषणा की जाने वाली है। भारत में चूंकि मुद्रा स्फीति की दर लगातार गिरती हुई दिखाई दे रही है अतः भारत में रेपो दर में 75 से 100 आधार बिंदुओं की कमी की घोषणा की जा सकती है। यदि ऐसा होता है तो विभिन्न उत्पादों की उत्पादन लागत में कुछ कमी सम्भव होगी, जिसके चलते भारत में निर्मित उत्पाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। हालांकि, केवल ब्याज दरों के कमी करके पूंजी की लागत को कम करने से काम चलने वाला नहीं है, भारत को भूमि एवं श्रम की लागतों को भी कम करने की आवश्यकता है तथा उत्पादकता में सुधार करने की भी आवश्यकता है ताकि भारत में निर्मित होने वाले उत्पादों की कुल लागत में कमी हो एवं यह उत्पाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में अन्य देशों के मुक़ाबले में टिक सकें। वैश्विक स्तर पर कूटनीतिक, सामरिक, रणनीतिक, राजनैतिक एवं भौगोलिक परिस्थितियों में आमूल चूल परिवर्तन होता हुआ दिखाई दे रहा है, परिवर्तन के इस दौर में भारतीय कम्पनियां कितना लाभ उठा सकती हैं यह भारतीय कम्पनियों के कौशल पर निर्भर करेगा। साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा शीघ्रता से अपने आर्थिक सुधार कार्यक्रमों को गति देकर भी वैश्विक स्तर पर निर्मित हुई उक्त परिस्थितियों का लाभ उठाया जा सकता है।

# नशामुक्त हरियाणा के लिए आयोजित साइक्लोथॉन यात्रा की बागोत से हुई धमाकेदार एंट्री

### जन प्रतिनिधियों व आमजन व जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने किया जोरदार स्वागत





**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** नशा मुक्त हरियाणा को लेकर पदेश सरकसार द्वारा शुरू की गई साइक्लोथॉन यात्रा ने सोमवार को कनीना के गांव बागोत से महेंद्रगढ जिले में प्रवेश किया जहां जनप्रतिनिधियों तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं आमजन की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। कनीना के एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत, नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल, डीएसपी दिनेश कुमार, एडिशनल एसएचओ जयभगवान, बीडीपीओ नवदीप, कनीना नपा की चेयरपर्सन रिंपी लोढा, सरपंच राजेंद्र सिंह की अगुआई में आमजन ने बागोत में यात्रा का समर्थन करते हुए नशे से दूर रहने का संकल्प लिया।

बता दें कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 5 अप्रैल को हिसार से रवाना किया था, यह साइकिल यात्रा महेंद्रगढ़ के बाद रेवाडी में प्रवेश करेगी। जिला प्रशासन के सहयोग से जन भागीदारी के साथ सभी साइकिलिस्ट का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। विधायक कंवर सिंह यादव, डीसी डॉ विवेक भारती व पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने युवाओं को नशामुक्ति का संदेश दिया। उन्होंने लोटे में नमक डालकर नशे से कोसों दूर रहने की शपथ भी ली। बागोत के बाद ये यात्रा सेहलंग, मालड़ा, माजरा कलां, माजरा खुर्द, महेंद्रगढ़, नांगल सिरोही व हुडिना होते हुए नारनौल पहुंची। इस दौरान सभी गांवों में सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन मंडलियों ने यात्रा के पहुंचने से पहले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए नागरिकों को नशा से दूर रहने का संदेश दिया। स्कूल कॉलेज की टीमों ने भी नाटक के जरिए नशा मुक्ति का संदेश दिया।

# उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह ने सरकारी स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर की समीक्षा के दिए निर्देश

**मंत्री राव नरबीर सिंह ने की जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता।**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि जिला में सरकारी स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर की अच्छी प्रकार से समीक्षा की जाए तथा इसके लिए अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में एक समिति का गठन पर जरूरी कार्यवाही की जाए, ताकि स्कूलों में विद्यार्थियों को कोई समस्या न हो। इसी प्रकार राजकीय प्राथमिक स्कूल अडबर में जो अतिरिक्त कमरे बनाने की मांग है, उनके निर्माण के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारी त्वरित व उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

मंत्री राव नरबीर सिंह सोमवार को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए एजेंडे में शामिल शिकायतों के समाधान के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दे रहे थे। समिति की बैठक में कुल 16 परिवाद रखे गए, जिनमें से मंत्री ने 12 परिवादों का मौके पर ही निपटारा कर दिया तथा शेष चार परिवादों के समाधन के लिए संबंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही कर आगामी बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

मंत्री ने बैठक में एजेंडे के अलावा 22 अन्य शिकायतें भी सुनी और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। एजेंडे में शामिल गांव आलदौका निवासी गिरधारी की शिकायत थी कि गांव आलदौका, बैंसी, कुर्थला में सैंकड़ों एकड़ भूमि में बरसाती पानी जमा होने से उन्हें फसल उत्पान करने में परेशानी हो रही है।

इस पर मंत्री ने बताया कि इस मामले के संबंध में मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी की अध्यक्षा में बैठक हो चुकी है तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके है, जिसके तहत जलभराव की समस्या के समाधान के लिए ड्रेन की खुदाई व पंप हाउस स्थापित किया जाएगा। नूंह पहुंचे वन एवं पर्यावरण मंत्री ने कहा कि अगर तेंदुआ है, तो अच्छी बात है। हमारे पशु-पक्षी विचरण कर रहे हैं। जहां तक जंगल सफारी का सवाल है, कोशिश है कि जंगल सफारी अरावली पर्वतमाला में बने। जब जंगल सफारी बनती है। सेंट्रल जू अथॉरिटी से मंजूरी लेनी पड़ती है। हमने अप्लाई कर दिया है। आजकल में ही उसकी मंजूरी मिल जाएगी। पिछले सप्ताह एक टीम ने निरीक्षण कर लिया है। पॉजिटिव रिपोर्ट आने की उम्मीद है। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट में एक एप्लीकेशन लगाई जाएगी। जैसे ही सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मिलेगी तो जंगल सफारी का काम शुरू कर दिया जाएगा।

हरियाणा के पिछड़े जिले में से एक नूंह में जल्द औद्योगिक इकाइयां स्थापित होगी। राजधानी दिल्ली से महज 60 किलोमीटर दूर स्थित नूंह जिले का एनएच और कई एक्सप्रेस वे से बेहतरीन कनेक्टिविटी है। भाजपा सरकार का प्रयास है कि जिले के हर प्रखंड में कम से कम एक इंडस्ट्रियल क्लस्टर की स्थापना की जाए। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जिले में रोजगार मिल सके। आईएमटी सोहना में भी काम चल रहा है। जल्द पूरा होने की उम्मीद है। कई कंपनियां यहां उद्योग लगाने के लिए आगे आयेगी। ये बातें सोमवार को नूंह में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरवीर सिंह ने एक बैठक के बाद प्रेस वार्ता के दौरान कही। मंत्री ने मेवात में उद्योग धंधों को लेकर कहा कि रोजका मेव इंडस्ट्रियल टाउनशिप आईएमटी सोहना के नाम से है। कई फैक्ट्रियां वहां बन रही हैं। निकट भविष्य में वहां, काम कंप्लीट हो जाएगा । उम्मीद करते हैं की बहुत से नये उद्योग के लोग यहां आएंगे।

उन्होंने कहा कि जिन जमीदारों ने अपनी जमीन दी थी, समझौते भी कर लिए दो-दो बार मुआवजा दे दिया गया। फिर भी धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे इमेज खराब होती है। इससे व्यापारी आदमी आने से डरता है। अब हम कोशिश कर रहे हैं कि यहां का माहौल अच्छा बनाएं। अकेले रोजका मेव में ही नहीं, मेरी कोशिश है कि हर खंड के अंदर एक कलक्टर बने। कितने कामयाब होंगे, इसका समय पर पता लगेगा। हम दिल से कोशिश करेंगे कि यहां औद्योगिक टाउनशिप बनाई जाए। किसानों के धरने पर उन्होंने कहा कि हम किसानों को मुआवजा दे चुके हैं। मुआवजा देने के बाद और हलफनामा देने के बाद उधर प्रदर्शन ना करें। यह गलत तरीका है। उन्होंने कहा कि एफिडेविट लेने के बाद भी वह लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उद्योगों में दिव्यांगों और अग्निवीर को चार प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। अग्निवीर जो, नौकरी करने के बाद वापस आएंगे तो उनको पुलिस विभाग, वन विभाग सहित अन्य विभागों में नौकरी दी जाएगी। इनका आरक्षण 10% से बढ़ाकर 20% करने का केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भरोसा दिलाया है। मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की जमीन अधिग्रहण पॉलिसी में एक बदलाव करने जा रही है अधिग्रहण किसान की जमीन के साथ किसान की हिस्सेदारी रहेगी। हरियाणा में एयरपोर्ट बनने की प्रदेश के लोगों को बहुत खुशी है देश के प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन करेंगे इसके साथ-साथ बिजली के प्लांट का भी उद्घाटन किया जाएगा।

# नये वक्फ कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे : विधायक आफताब अहमद



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** दक्षिण हरियाणा के कद्दावर नेता नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने सोमवार को नये वक्फ संसोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का ऐलान करते हुए कहा कि ये बिल संविधान व लोकतंत्र के खिलाफ है, भाजपा सरकार ने लोकसभा व राज्यसभा में पर्याप्त संख्या बल के आधार पर इसे पास कराया है। विधायक आफताब अहमद के साथ फिरोजपुर झिरका विधायक इंजीनियर मामन खान, कांग्रेस नूंह के जिला संयोजक महताब अहमद मुख्य रूप से जिला कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद थे। विधायक आफताब अहमद ने सवाल उठाते हुए कहा कि मौजूदा समय में हिंदू, क्रिश्चन, सिख, बौद्ध किसी भी धर्म के धार्मिक स्थलों व मामलों में अन्य धर्म के किसी भी व्यक्ति का कोई दखल स्वीकार्य नहीं है, फिर मुस्लिम समाज के धार्मिक मामलों में अन्य धर्मों के लोगों का दखल कैसे जायज हो सकता है। क्योंकि भारत एक धर्मनिरपेक्ष आज़ाद मुल्क है और सभी धर्म एक समान हैं । धार्मिक संस्थाओं का प्रबंधन व प्रशासन उसी धर्म के लोगों के हाथों में होना चाहिए।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि नये कानून के अनुसार कोई भी व्यक्ति अपनी सम्पत्ति वक़्फ़ नहीं कर सकता है जब तक वो ये साबित ना कर दे कि वो बीते पाँच सालों से मुस्लिम रीति रिवाजों का निर्वहन कर रहा है । ये शर्त सरासर ग़लत और ग़ैरज़रूरी है। आफताब अहमद ने कहा कि सरकारी संपत्ति होने के महज़ दावे भर से संपत्ति की जाँच सरकार द्वारा करना ऐसा ही है जैसे ख़ुद के मामले में जज बनना जो की न्याय की मूलभावना के ही खिलाफ है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि वक़्फ़ बोर्ड के सदस्यों के मुस्लिम होने की ज़रूरत के नियम को रद्द करना ग़लत और अनुचित है । ग़ैर मुस्लिम लोगों के बोर्ड में आने से अल्पसंख्यक हितों पर असर अवश्य पड़ेगा। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि दरअसल मुस्लिम हितों पर कुठाराघात बीजेपी सरकार ने एनआरसी सीएए क़ानून लाकर शुरू किया था, फिर मुस्लिम राज्य जम्मू कश्मीर को विभाजित करके केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया। बीते पाँच सालों में अल्पसंख्यक समुदाय को बजट में 18274 करोड रुपए आवंटित हुआ जबकि 3574 करोड रुपए इस्तेमाल ही नहीं हुआ। मुस्लिमों की पढ़ाई में छात्रवृत्ति बंद कर दी गई और वक़्फ़ बिल भी मुस्लिम समाज पर गहरा आघात है । स्पष्ट बहुमत ना होने के बावजूद बीजेपी सरकार अपने सहयोगियों के साथ मुस्लिम विरोधी मुद्दों पर कार्य कर रही है जो सही नहीं है।

विधायक आफताब अहमद ने सवाल उठाते हुए कहा कि वक्फ संपत्ति की वसूली के लिए सीमा अधिनियम लागू नहीं होता था, लेकिन अब यह लागू होगा। क्या यह संशोधन अतिक्रमणकारियों को सीमा अधिनियम या प्रतिकूल कब्जे द्वारा स्वामित्व का दावा करने से संरक्षण नहीं देगा? विधायक आफताब अहमद ने कहा कि वक्फ 1995 कानून में बदलाव की कोई आवश्यकता नहीं है। ये वक्फ प्रशासन व मुसलमानों के अधिकारों को कमजोर करने की नीति और नीयत से लाया गया बिल है। अगस्त 2024 में सदन में लाया गया बिल कांग्रेस व विपक्ष के विरोध के बाद जेपीसी में भेजा गया था लेकिन वहां भाजपा व एनडीए के 14 संशोधन तो शामिल कर लिए गए लेकिन विपक्ष का एक भी संसोधन बिल में शामिल नहीं किया गया।

विधायक इंजीनियर मामन खान ने कहा कि भाजपा सरकार वक्फ संसोधन बिल को मुस्लिम हितैषी घोषित कर दुष्प्रचार कर रही है। वास्तविकता में ये बिल वक्फ व मुस्लिम विरोधी है, मुसलमानों की वक्फ संपत्तियों को भाजपा सरकार अपने नियंत्रण में करना चाह रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। वहीं जिला कांग्रेस संयोजक महताब अहमद ने हर मुमकिन मंच पर इस बिल के मुखालफत की बात कही है।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 26 में धार्मिक मामलों के प्रबंधन की आज़ादी का प्रावधान है जिनमें धार्मिक और धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए संस्थाएं स्थापित करने और उन्हें बनाए रखने का अधिकार, धार्मिक संप्रदायों को अचल और चल दोनों तरह की संपत्ति अर्जित करने का अधिकार, कानून के प्रावधान के अनुसार अर्जित संपत्तियों का प्रशासन करने का अधिकार, धार्मिक संप्रदायों को अपने धार्मिक मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार मुख्य रूप से शामिल हैं लेकिन मौजूदा बिल इन अनुच्छेद के विपरीत है जिस कारण अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय के मन की चिंताएँ वाजिब हैं। विधायक आफताब अहमद ने ऐलान करते हुए कहा कि वो और उनकी कांग्रेस पार्टी इस बिल का विरोध कर रही है और बहुत जल्द देश की सर्वोच्च अदालत में इस बिल को चुनौती दी जाएगी। जमीयत उलेमा हिंद व मुस्लिम पर्सनल लॉ आदि के साथ इस बिल का विरोध किया जाएगा।

# कनीना मंडी में शुरू हुई गेहूं की खरीद



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना मंडी में गेहूं की आवक होने के बाद खरीद शुरू हो गई है। खरीद एजेंसी फूड सप्लाई की ओर से सोमवार को पहले दिन 52 किसानों से 2236 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। खरीद अधिकारी ध्यान सिंह ने बताया कि मंडी में बारदाने एवं उठान की समुचित व्यवस्था की गई है। गेहूं खरीद के 72 घंटे में किसानों को भुगतान किया जाएगा। बता दें कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो चुकी है लेकिन कनीना मंडी में विधिवत रूप से सोमवार से खरीद प्रारंभ हुई है। मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने बताया कि गेहूं की खरीद पुरानी आनाज मंडी में की जा रही है। जिसके लिए सभी बंदोबस्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि एमएफएमबी पोर्टल पर पंजीकृत किसान द्वारा मंडी में फसल लेकर आने पर उन्हें कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। किसान एक एकड पर 2425 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से 50 क्विंटल गेहूं बेच सकता है। उन्होंने बताया कि मंडी में साफ-सफाई, बिजली व पेयजल का बंदोबस्त किया गया है। इस मौके पर एएफएसओ केसर सिंह, निरीक्षक रमेश कुमार के अलावा नरेंद्र यादव, अशोक कुमार, रविंद्र बंसल, मंडी सुपरवाइजर सहित किसान उपस्थित थे।

# खाद बीज विधेयक के विरोध में कनीना में बंद रही बीज विक्रेता की दुकानें




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** बीज संसोधन विधेयक को लेकर कनीना के दर्जनभर बीज-खाद विक्रेताओं ने विरोध जताते हुए दुकानें बंद रखी। खाद बीज एसोसिएशन के प्रधान कुलदीप यादव के अलावा भूनेष कुमार, आलोक कुमार, वीरेन,कपिल, विपिन व चंचल ने बताया कि सरकार का यह फैसला न्योचित नहीं है। खाद-बीज विक्रेताओं ने पेसटिसाइड खाद को धारा 19 ए से जोडने का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि बीज का जर्मीनेशन न होने के अन्य कारण हो सकते हैं। बीज विक्रेताओं ने सोमवार को दुकानें बंद रखकर विधेयक को वापिस लेने की मांग की है। ईधर प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा है कि इस विधेयक के लागू होने के बाद किसानों को नकली एवं मिलावटी बीजों से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि बीज असली हैं तो बीज निर्माता-विक्रेता को डरने की जरूरत नहीं है।

# गोमला की छात्रा कशिश ने एलएलबी के प्रथम समेस्टर में किया विवि टॉप



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सब डिवीजन के गांव गोमला निवासी एडवोकेट सतीश भाटोटिया की पुत्री कशिश यादव ने शिक्षा सत्र 2024-25 में एलएलबी के प्रथम समेस्टर में 700 में से 559 अंक हासिल कर आइजीयू मीरपुर तथा कॉलेज में टॉप रैंक हासिल किया है। कशिश यादव रेवाडी स्थित एक निजी कॉलेज में इंटीग्रेटिड पांच वर्षीय कोर्स की छात्रा है। जिन्होंने शुरूआत में ही उपलबधि हासिल की है। कशिश यादव ने 12वीं कक्षा भोजावास के एक निजी विद्यालय से उत्तीर्ण की थी। जिसमें उन्होंने 83.8 फीसदी अंक हासिल किए थे। एलएलबी में प्रथम स्थान प्राप्त करने परिजनों तथा ग्रामीणों ने खुशी जताई है।

# कनीना में अब तक 62 हजार क्विंटल सरसों की हुई खरीद

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** मार्केट कमेटी सचिव विजय सिंह ने बताया कि कनीना की नयी आनाज मंडी में सरसों खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाउस द्वारा की जा रही है। खरीद कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए उनकी ओर से लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार को साढे छह हजार क्विंटल सरसों की खरीद की गई। अब तक 62 हजार क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है जिसमें से 38 हजार क्विंटल का उठान किया गया है। सरसों की खरीद एनसीसीएफ,नैशनल को-ऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन के माध्यम से स्टेट वेयर हाउस द्वारा की जा रही है। किसानों की सुविधा के लिए मार्केट कमेटी की ओर से मंडी गेट पर दो धर्मकांटे संचालित किए गए हैं। इसके अलावा मंडी में साफ-सफाई, बिजली-पेयजल, टॉयलेट की व्यवस्था की गई है। सरसों खरीद होने के 72 घंटे के अंतराल में एजेंसी द्वारा किसानों के खाते में राशि डाली जा रही है। उन्होंने बताया कि एमएसपी 5950 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से सरसों की खरीद की जा रही है। दूसरी ओर सरसों के मार्केट रेट भी लगभग एमएसपी से कुछ अधिक होने के चलते अधिकांश किसान खेत में ही व्यापारियों को सरसों बेच रहे हैं। जिससे किसानों का मंडी में सरसों लाने व मजदूरी का खर्चा सहित समय बच जाता है।


# ध्यानार्थः

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।



'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
◆ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
◆ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
◆ ग्रामीण संवाददाता ◆ फोटोग्राफर
◆ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में भारतीय मूल का जज गिरफ्तार, 10 साल की सजा हो सकती है

**फोर्ट बेंड काउंटी, एजेंसी।** अमेरिका के टेक्सास राज्य के फोर्ट बेंड काउंटी में भारतीय मूल के अमेरिकी जज ज के. पी. जॉर्ज को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। जॉर्ज पर वायर फ्रॉड और चुनावी फंडिंग रिपोर्ट में गड़बड़ी के आरोप भी लगे हैं। जॉर्ज 2018 से काउंटी जज के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें फिलहाल 20 हजार डॉलर की जमानत पर रिहा किया गया है। दोषी पाए जाने पर उन्हें 10 साल की जेल हो सकती है। डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के मुताबिक, जॉर्ज पर 30 हजार से 1.5 लाख डॉलर की मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। जॉर्ज ने सभी आरोपों को राजनीतिक साजिश बताते हुए खारिज किया है।

### दक्षिण सूडान के पासपोर्ट धारकों के सभी वीजा रद्द कर रहा अमेरिका: रुबियो

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को कहा कि अमेरिका अब दक्षिण सूडान के पासपोर्ट धारकों के सभी वीजा रद्द कर रहा है। रुबियो ने दक्षिण सूडान की सरकार पर अमेरिका का फायदा उठाने का आरोप लगाया। रुबियो ने एक बयान में कहा, अमेरिका समेत कोई भी देश अगर किसी देश के नागरिकों को अपने यहां से निकालता है, तो उस देश को समय रहते अपने नागरिकों को वापस बुला लेना चाहिए। हालांकि दक्षिण सूडान की सरकार इस नियम का सही ढंग से पालन नहीं कर रही। रुबियो ने कहा किअमेरिका वीजा रद्द करने के अलावा दक्षिण सूडान के पासपोर्ट धारकों को अमेरिका में प्रवेश से रोकने के लिए भविष्य में वीजा जारी करने पर भी रोक लगाएगा।

### रूस-यूक्रेन के युद्धबंदियों की रिहाई के लिए संघर्ष, कैदियों की घर वापसी की आस आज भी बरकरार

**कीव, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष में सैकड़ो घर तबाह हो गए। हजारों लोगों को हिरासत में ले लिया गया, लेकिन आज भी हजारों यूक्रेनी नागरिकों के घर के दरवाजे और उनरे परिवार के सदस्य उनका इंतजार कर रहे है। ऐसी ही एक घटना है जब लगभग दो साल पहले कोस्टियनटीन जिनोवकिन की मां ने अपने घर का दरवाज़ा खुलने की आवाज सुनी, तो उन्हें लगा कि उनका बेटा घर लौट आया है क्योंकि वह कुछ भूल गया था। लेकिन इसके बजाय, कुछ रूसी सैनिक जो बैलेक्लाव पहने हुए थे मेलिटोपोल में उनके अपार्टमेंट में घुस आए। बता दें कि यह शहर दक्षिणी यूक्रेन में है और रूसी सेना द्वारा कब्जा किया गया है। एक छोठे से उल्लंघन में हिरासत में लिए गए जिनोवकिन की जल्दी रिहा होने की उम्मीद थी। इसके बावजूद, जिनोवकिन को रिहा नहीं किया गया। हालांकि लेकिन उनकी पत्नी लिउसिएना ने बताया कि उन्होंने जिनोवकिन के घर की ऐसी तलाशी ली कि घर को अणुओं में तोड़ दिया, क्योंकि मई 2023 में उनकी गिरफ्तारी के कुछ हफ्तों बाद, रूसी अधिकारियों ने उनकी मां से कहा कि वह एक आतंकवादी हमले की साजिश रच रहे थे। अब उन पर ऐसे आरोप लग रहे हैं, जिनका उनका परिवार विरोध कर रहा है और उन्हें बेतुका मानता है।

### अंतरिम सरकार से स्पष्ट चुनावी रोडमैप की मांग, बीएनपी की देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की योजना

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) राष्ट्रीय चुनाव के लिए स्पष्ट रोडमैप प्रदान करने में अंतरिम सरकार की नाकामी को उजागर करने के लिए सहयोगियों के साथ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने पर विचार कर रही है। बांग्लादेशी मीडिया आउटलेट यूएनबी ने शनिवार को बताया कि पार्टी ढाका में बड़े पैमाने पर सार्वजनिक रैली आयोजित करेगी और अंतरिम सरकार को चुनाव की तारीख की घोषणा करने के लिए समय सीमा तय करेगी। रैलियों का सिलसिला मई तक जारी रहेगा। 25 मार्च को राष्ट्र के नाम टेलीविजन संबोधन में यूनुस ने कहा कि चुनाव दिसंबर 2025 और जून 2026 के बीच होंगे। उन्होंने कहा कि सर्वसम्मति आयोग सभी राजनीतिक दलों से सुधारों पर सक्रिय रूप से राय एकत्र कर रहा है। बीएनपी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि अंतरिम सरकार का कार्यकाल बढ़ाने और चुनाव में देरी करने का जानबूझकर प्रयास किया जा रहा है। पार्टी ने चेतावनी दी कि अगर दिसंबर तक चुनाव नहीं हुए तो लोगों में अस्थिरता और तीव्र आक्रोश पैदा हो सकता है। बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने यूनुस के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, मैं बहुत निराश हूं कि मुख्य सलाहकार ने 25 मार्च को अपने भाषण में स्पष्ट चुनाव रोडमैप का उल्लेख नहीं किया। मेरा मानना ??है कि चुनाव रोडमैप का अभाव सरकार की राजनीतिक अनुभवहीनता को दर्शाता है। फरवरी में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान ने यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर बांग्लादेश में अस्थिरता पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पिछले कुछ समय से हम इस बात पर चिंता जता रहे हैं कि सरकार के कुछ अधिकारी लोगों के अधिकारों की बहाली के बारे में विरोधाभासी टिप्पणियां कर रहे हैं। परिणामस्वरूप, विभिन्न क्षेत्रों में अशांति फैल गई है। बांग्लादेश में राजनीतिक संगठनों की बहुचर्चित एकता, जो अगस्त 2024 में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित अवामी लीग सरकार को हटाने के दौरान पूरी तरह से प्रदर्शित हुई थी, धीरे-धीरे फीकी पड़ रही है।

# अमेरिका में ट्रम्प-मस्क के विरोध में 1200 रैलियां निकली : 150 से ज्यादा समूह जुड़े




**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में शनिवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उद्योगपति इलॉन मस्क की पॉलिसी के विरोध में 1200 से ज्यादा रैलियां निकाली गई। इन रैलियों का मकसद सरकारी नौकरी में कटौती, अर्थव्यवस्था, और मानवाधिकार जैसे मुद्दों पर सरकार के फैसलों का विरोध करना था। इस विरोध प्रदर्शन को हैंड्स ऑफ नाम दिया गया है। हैंड्स ऑफ मतलब होता है- हमारे अधिकारों से दूर रहो। इस नारे का मकसद यह जताना है कि प्रदर्शनकारी नहीं चाहते कि उनके अधिकारों पर किसी का नियंत्रण हो।

इस विरोध प्रदर्शन में 150 से अधिक संगठनों ने भाग लिया। इसमें सिविल राइट ऑर्गनाइजेशन, मजदूर संघ, एलजीबीटीक्यू+ वॉलंटियर्स, पूर्व सैनिक और चुनावी कार्यकर्ता शामिल थे। यह प्रोटेस्ट वॉशिंगटन डीसी में नेशनल मॉल, स्टेट कैपिटल और सभी 50 राज्यों में हुआ था।

**इलॉन मस्क का दावा- टैक्सपेयर्स के पैसे बचाने के लिए सरकारी नौकरियों में कटौती :** इलॉन मस्क अमेरिका की ट्रम्प सरकार में डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के प्रमुख हैं। उनका दावा है कि सरकारी तंत्र को छोटा करने से टैक्सपेयर्स के अरबों डॉलर बचेंगे। वहीं व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प सोशल सिक्योरिटी, मेडिकेयर योजनाओं के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। लेकिन डेमोक्रेट्स इन योजनाओं का लाभ अवैध अप्रवासियों को दिलाना चाहते हैं।

वॉशिंगटन के नेशनल मॉल पर निकाली गई रैली में बाइक टूर गाइड डायने कोलिफ्रैथ ने कहा कि हमारे साथ 100 लोग हैं जो न्यू हैम्पशायर से बस और वैन से ट्रंप प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने आए हैं। हमें दुनियाभर में अपने सहयोगियों को खोना पड़ रहा है। यहां तबाही मची हुई है। वो हमारी सरकार को खत्म कर रहा है।

लॉस एंजिलिस में एक महिला ने झंडा लहराया। इस पर लिखा था कि मेरे गर्भाशय से बाहर निकल जाओ। महिला ने ट्रंप की गर्भपात विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। कोलोराडो के डेनवर में लोगों पे कहा कि अमेरिका के लिए कोई राजा नहीं। लंदन में निकाली रैली में अमेरिकी-ब्रिटिश नागरिकता वाली लिज चैंबरलिन ने कहा कि अमेरिका में जो कुछ हो रहा है, वह हर किसी की समस्या है। यह आर्थिक पागलपन है। वह हमें वैश्विक मंदी की ओर धकेलने जा रहा है। बर्लिन में सेवानिवृत्त सुसैन फेस्ट ने कहा कि ट्रंप ने सांविधानिक संकट पैदा कर दिया है। वह आदमी पागल है।

देश में 150 से ज्यादा समूहों ने 1,200 से अधिक प्रदर्शन आयोजित किए। इस प्रदर्शन का नाम हैंड्स ऑफ रखा गया था। इनमें नागरिक अधिकार संगठनों, श्रमिक संघों, एलजीबीटीक्यू+ समर्थकों, पूर्व सैनिकों और चुनाव कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। हैंड्स ऑफ मतलब होता है- हमारे अधिकारों से दूर रहो। इस नारे का मकसद यह जताना है कि प्रदर्शनकारी नहीं चाहते कि उनके अधिकारों पर किसी का नियंत्रण हो। प्रदर्शनकारी डोमिनिक सैंटेला ने कहा कि हम फासीवाद को रोकने के लिए आए हैं। हम एक नेता को उसके विरोधियों को जेल में डालने से रोक रहे हैं, उसे किसी भी तरह के लोगों, अप्रवासियों को जेल में डालने से रोक रहे हैं।

**हम ऐसा तानाशाह नहीं चाहिए :** वॉशिंगटन के नेशनल मॉल में हुई रैली में डेमोक्रेट नेता जेमी रस्किन ने कहा कि कोई भी व्यक्ति ऐसा तानाशाह नहीं चाहेगा जो अर्थव्यवस्था को तहस-नहस कर दे, जो हर चीज की कीमत जानता हो और किसी चीज का महत्व नहीं जानता हो। कार्यकर्ता ग्रेलन हैगलर ने भी कहा कि उन्होंने एक सोये हुए दानव को जगा दिया है और उन्होंने अभी तक कुछ भी नहीं देखा है। हम बैठेंगे नहीं, हम चुप नहीं रहेंगे और हम चले नहीं जायेंगे।

**अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए ट्रम्प ने रेसिप्रोकल टैक्स लगाया :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दूसरे देशों पर लगाया जाने वाला रेसिप्रोकल टैक्स का ऐलान किया था। इसमें भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत बहुत सख्त है। मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं, लेकिन हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं। भारत के अलावा चीन पर 34प्रतिशत, यूरोपीय यूनियन पर 20प्रतिशत, साउथ कोरिया पर 25प्रतिशत, जापान पर 24प्रतिशत, वियतनाम पर 46प्रतिशत और ताइवान पर 32प्रतिशत टैरिफ लगेगा। अमेरिका ने करीब 60 देशों पर उनके टैरिफ की तुलना में आधा टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

## बांग्लादेश में राजनीतिक दमन का दौर, अवामी लीग का एक और नेता गिरफ्तार



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में राजनीतिक असंतोष के निरंतर दमन को उजागर करने वाली एक और घटना में, अवामी लीग पार्टी के एक नेता को शनिवार की सुबह हिरासत में लिया गया। पुलिस ने बाद में मेहरपुर जिले के अवामी लीग के महासचिव एम ए खालेक की गिरफ्तारी की पुष्टि की। खालेक गंगनी उपजिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष भी हैं। हालांकि, पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के विशिष्ट कारणों का खुलासा नहीं किया। बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र द डेली स्टार के मुताबिक, खालेक को पिछले साल जुलाई में हुए विद्रोह से जुड़े एक मामले में रैपिड एक्शन बटालियन बल ने गिरफ्तार किया। बाद में उन्हें जमानत दे दी गई।खालेक को शेख हसीना के नेतृत्व में आवामी लीग सरकार के पतन के बाद सभी आधिकारिक पदों से हटा दिया गया। अगस्त 2024 में सत्ता संभालने के बाद से, अंतरिम सरकार ने अवामी लीग के नेताओं पर क्रूर कार्रवाई की, जिनमें से अधिकांश का आधार बेहद कमजोर था। पिछले महीने, तंगेल-5 निर्वाचन क्षेत्र के एक पूर्व विधायक सहित अवामी लीग के तीन नेताओं को राजधानी के भटारा क्षेत्र में जुलाई में हुए छात्र आंदोलन पर कथित हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया। इस सप्ताह के शुरू में, सात लोगों को गिरफ्तार किया गया क्योंकि पुलिस को शक था कि वे अवामी लीग और उसके सहयोगी संगठनों के समर्थक हैं। आरोपियों ने सिलहट में पार्टी की स्टूडेंट विंग छात्र लीग के पक्ष में जुलूस निकाला था। अवामी लीग के सदस्यों पर हुए एक और हमले में, पूर्व मेयर अनवरुज्जमां चौधरी और पूर्व सांसद शफीउल आलम चौधरी नादेल के आवासों पर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के छात्र दल के बैनर तले भीड़ ने हमला किया और तोड़फोड़ की।

## ट्रंप के ट्रेड वॉर के बीच देश को संबोधित करेंगे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री

**लंदन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ और अमेरिका फर्स्ट नीति जैसे कदमों के बाद अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर 7 अप्रैल को एक संबोधन देने वाले हैं। बताया जा रहा है कि ब्रिटिश पीएम घोषणा करेंगे कि वैश्वीकरण का युग समाप्त हो चुका है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री यह घोषणा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं कि 1991 में सोवियत संघ के पतन के साथ ही वैश्वीकरण की शुरुआत हुई थी। ट्रंप के अभूतपूर्व 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ ने वैश्विक बाजारों को अनिश्चितता में धकेल दिया है, टाइम्स ने रिपोर्ट किया।

टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, स्टारमर से यह भी स्वीकार करने की उम्मीद है कि वह अपने अमेरिकी समकक्ष के आर्थिक राष्ट्रवाद पर ध्यान केंद्रित करने को समझते हैं। ब्रिटेन के एक वरिष्ठ अधिकारी का हवाला देते हुए आउटलेट ने बताया कि हालांकि स्टारमर प्रशासन ट्रम्प के उपायों से सहमत नहीं है। स्टारमर ने कहा कि वैश्वीकरण बहुत से कामकाजी लोगों के लिए काम नहीं करता। हम नहीं मानते कि व्यापार युद्ध इसका जवाब है। यह दिखाने का एक मौका है कि एक अलग रास्ता भी है। द टाइम्स के अनुसार, जैसा कि ट्रम्प व्यापार बाधाओं को हटाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। स्टार्मर ने स्वीकार किया है कि इसके परिणामस्वरूप प्रतिस्पर्धा बढ़ने से देश उत्पादकता बढ़ाने और आपूर्ति पक्ष सुधारों के माध्यम से घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए अपने अंदर की ओर देखेंगे।

# ऑपरेशन ब्रह्मा : भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार को 442 टन खाद्य सहायता पहुंचाई



**यांगून, एजेंसी।** भूकंप से तबाह म्यांमार को मानवीय सहायता जारी रखते हुए भारत ने शनिवार को चल रहे ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत अतिरिक्त 442 टन खाद्य सहायता पहुंचाई। राहत सामग्री लेकर भारतीय नौसेना का जहाज घड़ियाल म्यांमार के थिलावा बंदरगाह पहुंचा। म्यांमार में भारतीय राजदूत अभय ठाकुर ने इसे औपचारिक रूप से यंगून के मुख्यमंत्री यू सोई थीन और उनकी टीम को सौंप दिया।

यंगून में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, प्रभावित लोगों की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। भारतीय नौसेना के लैंडिंग शिप टैंक आईएनएस घड़ियाल द्वारा लाई गई खाद्य सहायता (चावल, खाना पकाने का तेल, नूडल्स और बिस्कुट) की एक बड़ी खेप शनिवार को थिलावा बंदरगाह पर पहुंची। राजदूत अभय ठाकुर ने इसे यंगून के सीएम यू सोई थीन और उनकी टीम को सौंप दिया। भारत ने 28 मार्च को म्यांमार में आए विनाशकारी 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद खोज और बचाव (एसएआर), मानवीय सहायता, आपदा राहत और चिकित्सा सहायता सहित आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया।

अपने पड़ोस में संकट के समय फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में कार्य करते हुए, भारत ने 1 अप्रैल तक 625 टन मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) सामग्री पहुंचाने के लिए छह विमान और पांच नौसैनिक जहाज भेजे थे। पीएम मोदी ने शुक्रवार को बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान म्यांमार के प्रधानमंत्री और राज्य प्रशासन परिषद के अध्यक्ष वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से मुलाकात की और देश में आए विनाशकारी भूकंप के बाद की स्थिति पर चर्चा की। वरिष्ठ जनरल ने मानवीय सहायता, आपदा राहत और चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत भारत द्वारा किए जा रहे प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया।प्रधानमंत्री ने संदेश दिया कि संकट के इस समय में भारत म्यांमार के साथ खड़ा है और जरूरत पड़ने पर और अधिक भौतिक सहायता और संसाधन तैनात करने के लिए तैयार है। पीएम मोदी ने समावेशी और विश्वसनीय चुनावों के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जल्द बहाली के महत्व को भी रेखांकित किया था।

# अमेरिका भारी बारिश से बाढ़ के हालात, अब तक 16 की मौत



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के दक्षिणी और मध्य-पश्चिमी राज्यों में भारी बारिश और टॉर्नेडो ने तबाही मचा दी है। अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 10 मौतें टेनेसी में हुई हैं। बीते कई दिनों से लगातार हो रही बारिश की वजह से टेक्सास से ओहायो तक के इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कुछ जगहों पर नदियों का जलस्तर आने वाले दिनों में और बढ़ सकता है। मिसौरी, केंटकी और आर्कनसॉ में भी मौतों की खबर है। मिसौरी में एक व्यक्ति बहते वाहन से बाहर निकलने के बाद डूब गया। केंटकी में 9 साल का बच्चा और 74 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हुई, जबकि आर्कनसॉ में 5 साल के बच्चे की जान गई। इस हफ्ते की शुरुआत में आए टॉर्नेडो कई रिहायशी इलाकों को पूरी तरह तबाह कर चुके हैं और इनमें कम से कम 7 मौतें हुई हैं।

तूफान की शुरुआत के बाद से अब तक कम से कम 16 लोगों की मौत हुई है। इसमें टेनेसी में 10 लोगों को जान गंवानी पड़ी। बाढ़ ने केंटकी में दो लोगों की जान ले ली। एक नौ वर्षीय लड़का स्कूल जाते समय बह गया और एक 74 वर्षीय वृद्ध का शव शनिवार को नेल्सन काउंटी में डूबे वाहन के अंदर मिला।

पुलिस के मुताबिक, शनिवार को अर्कांसस के लिटिल रॉक में एक घर में पांच वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई। सप्ताह की शुरुआत में आए बवंडर ने पूरे इलाके को नष्ट कर दिया। तब सात लोगों की मौत हुई थी। इसके अलावा मौसम के चलते अंतरराज्यीय वाणिज्य प्रभावित हुआ है। लुइसविले, केंटकी और मेम्फिस में प्रमुख कार्गो केंद्रों वाले कॉरिडोर में बाढ़ से शिपिंग और आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है। लुइसविले के मेयर क्रेग ग्रीनबर्ग ने कहा कि ओहायो नदी 24 घंटे में 5 फीट (करीब 1.5 मीटर) बढ़ गई है। यह कई दिनों तक बढ़ती रहेगी। हमें उम्मीद है कि यह लुइसविले के इतिहास में सबसे बड़ी 10 बाढ़ की घटनाओं में से एक होगी।

## सीनेट में रिकॉर्ड 25 घंटे भाषण के बाद पहले सार्वजनिक कार्यक्रम में पहुंचे बुकर, ट्रंप की नीतियों को घेरा



**न्यू जर्सी, एजेंसी।** डेमोक्रेटिक सीनेटर कोरी बुकर ने शनिवार को सीनेट में दिए अपने भाषण का एक अंश न्यू जर्सी के एक जिम में आयोजित टाउन हॉल बैठक में पेश किया। बुकर ने लोगों से यह पता लगाने का आह्वान किया कि वे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनके एजेंटे से पीछे हटाने के लिए क्या कर सकते हैं।

बुकर ने न्यू जर्सी के बर्गन कम्युनिटी कॉलेज में सवालों का जवाब दिया, जब देशभर में 1,200 से अधिक हैंड्स ऑफ प्रदर्शन आयोजित किए गए थे। कोरी-कोरी के नारेबाजी ने इस टाउन हॉल कार्यक्रम में कई बार व्यवधान भी डाला। यह बुकर का अपने गृह राज्य में इस सप्ताह के अपने भाषण के बाद पहला व्यक्तिगत कार्यक्रम था। उन्होंने ट्रंप की नीतियों के खिलाफ 25 घंटे और 5 मिनट तक सीनेट फ्लोर पर भाषण दिया था। उन्होंने 1957 के नागरिक अधिकार अधिनियम के खिलाफ सीनेटर स्ट्रॉम थर्मंड द्वारा दिए गए सबसे लंबे भाषण का रिकॉर्ड तोड़ा।

हर सवाल करने वाले ने उनसे यह पूछा कि वे राष्ट्रपति की नीतियों के खिलाफ अपनी चिंता और असहमति को कैसे व्यक्त कर सकते हैं। बुकर ने उन्हें बताया कि इसके लिए बस थोड़ी और मेहनत करनी पड़ेगी, जैसे क्या वे वाशिंगटन जाकर बजट कटौती के खिलाफ आवाज उठा सकते हैं? सबसे जोरदार तालियों की गड़गड़ाहत तब सुनाई दी जब उन्होंने एक महिला के सवाल का जवाब दिया। महिला ने कहा था कि वह स्वास्थ्य कार्यक्रम में संभावित कटौती को लेक चिंतित हैं, जो उनके ऑटिज्म से पीड़ित बेटे पर असर डाल सकती है।

बुकर ने कहा, ऐसी सभा का मतलब यह नहीं है कि हम अपनी सक्रियता यहीं खत्म कर दें। यह अमेरिका में एक ऐसा पल होना चाहिए, जब हम सभी खुद से यह सवाल करें कि मैं और क्या कर सकता हूं? बुकर ने कहा कि जो सवाल लोग उनसे पूछ रहे थे, वही सवाल चुनावों के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के दूसरे नेताओं से भी पूछे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह डेमोक्रेटिक पार्टी पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगे, क्योंकि पार्टी को 2024 में हार के बाद सही दिशा नहीं मिल रही है।

# म्यांमार में भूकंप पीड़ितों की मदद कर रहे यूएसएआईडी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला, रिपोर्ट में दावा



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** म्यांमार में राहत और बचाव कार्यों में लगी यूएसएआईडी की एक टीम को नौकरी से निकालने का मामला सामने आया है। यूएसएआईडी की एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने यह दावा किया है। गौरतलब है कि ट्रंप सरकार लगातार संघीय सरकार के खर्च में कटौती के लिए कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर कटौती कर रही है। इसी के तहत यूएसएआईडी में भी हजारों की संख्या में कर्मचारियों की छंटनी की गई है और अभी भी जारी है।

**पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने उठाए सवाल :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूएसएआईडी की टीम के साथ म्यांमार में राहत कार्यों में जुटे तीन कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का आदेश दिया गया है। एजेंसी की पूर्व वरिष्ठ अधिकारी मार्सिया वॉन्ग ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जब टीम के लोग बेहद मुश्किल हालात में काम कर रहे हैं और मानवीय मदद में जुटे हैं तो उन्हें नौकरी से निकाले जाने की खबर क्या उनका मनोबल नहीं तोड़ेगी? ट्रंप प्रशासन ने म्यांमार की मदद के लिए 90 लाख डॉलर की मदद देने का एलान किया है, लेकिन यूएसएआईडी के बजट में भारी कटौती करने और कर्मचारियों की छंटनी से एजेंसी के राहत और बचाव कार्यों में काफी अड़चन आ रही है। वहीं चीन, भारत, रूस और अन्य देश तेजी से म्यांमार की मदद कर रहे हैं।

**अमेरिका में बड़े पैमाने पर हो रही छंटनी :** राष्ट्रपति पद संभालते ही ट्रंप ने संघीय सरकार के खर्च में कटौती शुरू कर दी थी। इसके लिए गठित सरकारी दक्षता विभाग एलन मस्क के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर संघीय कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है।

इसका सबसे बड़ा खामियाजा विदेशों में मदद करने वाली एजेंसी यूएसएआईडी को उठाना पड़ रहा है। वॉन्ग ने बताया कि यूएसएआईडी के कर्मचारी भूकंप जोन में काम कर रहे हैं और खुले में सड़कों पर सो रहे हैं।

विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शुक्रवार को इस आलोचना को खारिज कर दिया कि अमेरिका, भूकंप प्रभावित म्यांमार में तेजी से काम नहीं कर पा रहा है क्योंकि यूएसएआईडी को खत्म कर दिया गया था। रूबियो ने कहा कि म्यांमार काम करने के लिए सबसे आसान जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि म्यांमार की सैन्य सरकार अमेरिका को पसंद नहीं करती है और उसे देश में अपनी इच्छानुसार काम करने से रोकती है। रूबियो ने कहा कि अमेरिका अब दुनिया का शीर्ष मानवीय दाता नहीं रहेगा, तथा उन्होंने अन्य धनी देशों से म्यांमार की सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया।



# समर वेडिंग के लिए परफेक्ट हैं फ्लोरल लहंगे

**गर्मी** का मौसम शुरु हो गया है। इस मौसम में अगर आपको किसी शादी में जाना हो तो सबसे पहले मन में यही ख्याल आता है कि इतनी गर्मी में डीप कलर के हेवी लहंगे या साड़ियां पहनी कैसे जाएंगी। तो आपकी इस समस्या का हल है फ्लोरल लहंगे। लाइट और ब्राइट कलर्स के फ्लोरल लहंगे समर वेडिंग के लिए परफेक्ट चॉइस है।

### ट्रडिशनल अवतार


लाइट पिंक कलर की चिकनकारी वर्क वाली स्कर्ट के साथ पतले स्ट्रैप वाली ब्लाउज और फ्लोरल दुपट्टा...यह लुक इस लुक को अपनी किसी दोस्त या रिश्तेदार के शादी में ट्राई कर सकती हैं।

लॉन्ग फ्लोरल लहंगे के लुक वाली स्कर्ट संग मैचिंग केप डिजाइन वाली क्रॉप टॉप और खुले बाल में बेहद खूबसूरत लगेंगी। ब्राइड्समेड के तौर पर भी आप इस लुक को गर्मी के मौसम की शादियों में ट्राई कर सकती हैं।

ऑफ वाइट कलर का फ्लोरल लहंगा स्कर्ट, मैचिंग दुपट्टा और डीप ग्रीन कलर की ब्लाउज। गर्मियों में जब लाइट और ब्राइट कलर्स का ट्रेंड रहता है, ऐसे में यह लहंगा परफेक्ट चॉइस है।

### सिंपल लुक

अगर आपको भी लाइट कलर्स पसंद हैं तो किसी दोस्त या रिश्तेदार की समर वेडिंग में इस लुक को ट्राई कर सकती हैं। पाउडर ब्लू कलर और पिंक कलर का यह लहंगा देखने में भले ही बेहद सिंपल हो लेकिन यह आपको अलग और डिफरेंट लुक देगा।



# ब्राइडल लुक को और खास बना देंगे नथ के ये डिजाइन

**भारतीय** दुल्हन के श्रृंगार में चार चांद लगाने का काम करती है नथ जो चेहरे की खूबसूरती को और भी बढ़ा देती है। अगर आप भी जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाली हैं तो नथ लेते समय इसके नए डिजाइंस के बारे में एक बार जरूर जान लें।

दुल्हन बनने की तैयारी कर रहीं हैं और कपड़ों के साथ ही सही ज्वैलरी डिजाइंस को चुनना जरुरी है। ज्वैलरी का सबसे खास हिस्सा होता है नाक की नथ और इसके कई सारे डिजाइन आपको बाजार में मिल जाएंगे।

रिंग वाली नथ- अगर आप बहुत सिम्पल सी नथ पहनना चाहती हैं तो रिंग वाली नथ ट्राई कर सकती हैं।

जड़ाऊ नथ- जड़ी हुई नथ शादी के दिन बेहद खास लुक देती है। आप इसे जड़ाऊ लंहगे के साथ पहन सकती हैं।

मल्टीपल चेन वाली नथ- अगर आप ज्वैलरी डिजाइन के साथ प्रयोग करना चाहती हैं तो तीन चैन वाली नथ को पहनकर देखिए यह आपके चेहरे का लुक ही बदल देगी। इसके साथ हैवी मांगटीका भी बहुत अच्छा लगता है।

ब्रांज नथ- इसे प्योर गोल्ड से बनाया जाता है जो हल्का सा डल लुक देता है।

हूप नथ- बड़ी सी नथ पहनने से अच्छा है कि आप छोटी सी ही नोज रिंग पहनें। यह पहनने और कैरी करने में आसान रहती है।



# त्वचा की हर समस्या का समाधान रखता है शहद, जानिए इसके फायदे

**जब** भी स्किन केयर की बात होती है तो हम नेचुरल आइटम्स पर अधिक फोकस करना पसंद करते हैं। इनसे स्किन को किसी भी तरह के नुकसान होने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। वहीं, दूसरी ओर यह नेचुरल इंग्रीडिएंट्स हर तरह की स्किन के लिए अच्छे माने जाते हैं। इन्हीं स्किन केयर इंग्रीडिएंट्स में से एक है शहद। शहद को लंबे समय से कभी स्किन केयर पैक तो कभी यूं ही इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसमें गजब के मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं, जो आपकी स्किन को अधिक स्वस्थ और बेहतर बनाते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको शहद से स्किन को मिलने वाले कुछ गजब के फायदों पर चर्चा कर रहे हैं-

### मिलती है ग्लोइंग स्किन

अगर आप अपनी स्किन को नेचुरली हेल्दी व ग्लोइंग बनाना चाहती हैं तो इसके लिए शहद से अधिक बेहतर उपाय और कोई नहीं है। शहद में त्वचा को चमकदार बनाने के गुण होते हैं और यह उपयोग के बाद यह आपके फेस पर चमक के साथ-साथ नमी भी बनाए रखता है। रूखी स्किन की महिलाएं तो इसे इस्तेमाल करती हैं ही, साथ ही साथ यह ऑयली, एक्ने और अन्य स्किन के लिए भी उतनी ही फायदेमंद है।

### निशानों को करे हल्का

शहद में प्राकृतिक एंटीसेप्टिक गुण होते हैं जो घाव भरने और निशानों को मिटाने में मदद करते हैं। ऐसे में अगर आप अपनी स्किन पर किसी तरह के निशान को हल्का करना चाहते हैं तो ऐसे में शहद के इस्तेमाल से वह धीरे-धीरे मिटने लगते हैं। आप एक्ने के दाग-धब्बों को मिटाने के लिए शहद का इस्तेमाल स्पॉट ट्रीटमेंट के रूप में कर सकते हैं।

### एजिंग के साइन्स को करे रिवर्स

अगर आप अपनी स्किन को अधिक लंबे समय तक जवां-जवां बनाए रखना चाहती हैं तो ऐसे में शहद का इस्तेमाल करना एक अच्छा विचार हो सकता है। शहद में मौजूद प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो उम्र बढ़ने के संकेतों को कम करने में मदद करते हैं। शहद चेहरे पर झुर्रियों और महीन रेखाओं की उपस्थिति को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। इतना ही नहीं, शहद को चेहरे पर लगाने से स्किन की इलास्टिसिटी बेहतर होती है, जिससे वह जवां और चमकदार दिखती है। आप हर सप्ताह शहद का मास्क लगा सकती हैं और अपनी स्किन को अधिक यंगर बना सकती हैं।

### सनबर्न से राहत

अगर आपकी स्किन पूरे दिन धूप में रहने के कारण डैमेज हो रही है तो ऐसे में शहद आपकी मदद कर सकता है। धूप से झुलसी त्वचा के कारण स्किन में रेडनेस, सूखापन और जलन महसूस होती है। ऐसे में अपनी स्किन को ठंडक प्रदान करने के लिए आप एक भाग कच्चे शहद को दो भाग एलोवेरा जेल के साथ मिक्स करें और सीधे प्रभावित जगह पर लगाएं। याद रखें कि आप मिश्रण को रगड़ें नहीं, बल्कि इसकी लेयर लगाकर ऐसे ही छोड़ दें। यह उपाय ना केवल सनबर्न से राहत दिलाएगा, बल्कि आपकी स्किन के रंग-रूप में भी सुधार करने में मदद करेगा।

# खूबसूरत बाल के लिए अपनायें ये उपाय

**आजकल** प्रदूषण और सही डाइट ना लेने के कारण कम उम्र में ही बाल सफेद होने लगते हैं। ऐसे में आयुर्वेदिक नुस्खों को अपनाकर आप बालों की समस्याओं से राहत पा सकती हैं। कई बार ध्यान न देने की वजह से लोगों के बाल रूखे-सूखे और बेजान होने के साथ कम उम्र में ही झड़ने लगते हैं। ऐसे में अपने बालों को फिर से लंबे और खूबसूरत बनाने के लिए आयुर्वेद नुस्खे अपना सकती हैं।

मेथी दाना- मेथी दाने में भरपूर मात्रा में फोलिक एसिड, विटामिन ए, विटामिन के और विटामिन सी पाया जाता है। इसमें प्रोटीनऔर निकोटीन एसिड भी पाया जाता है, जिससे झड़ते बालों की समस्या दूर हो जाती है। स्कैल्प हेल्दी रहती है और बाल डैमेज नहीं होते हैं। इसके लिए आप अपनी डाइट में भी मेथी दाना शामिल कर सकते हैं। रात में 2 चम्मच मेथी दाने को पानी में भिगो दें। अगली सुबह वो पानी पी लें। बचे हुए मेथी दाने को पीसकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को जड़ों में लगाकर 20 मिनट बाद बाल धोलें। बाल जल्दी घने, लंबे और मजबूत बनेंगे।

आंवला- डाइट में विटामिन सी की कमी के कारण भी बाल झड़ने लगते हैं और बालों में डैंड्रफ की समस्या होने लगती है। लेकिन आंवले के सेवन और बालों में आंवले के तेल से मालिश करने से बालों की सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं। साथ ही बाल लंबे समय तक काले रहते हैं।

दही- दही में कूलिंग प्रॉपर्टीज होने के साथ प्रोटीन भी पाया जाता है। प्रोटीन स्कैल्प की हेल्थ और नए फोलिसल्स की ग्रोथ के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। अपने बालों पर दही से मसाज करें और 15 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद शैंपू से सिर धो लें। बालों पर दही लगाने से बाल मजबूत होने के साथ कोमल और मुलायम भी बनते हैं।

बालों के झड़ते बालों की समस्या को दूर करने के लिए छाछ, दालचीनी, तरबूज, अंगूर आदि चीजों का सेवन करना चाहिए। इनके सेवन शरीर को जरूरी पोषक मिलते हैं, जो बालों को सेहतमंद बनाने के लिए जरूरी होते हैं।





# इस प्रकार सुंदर और लंबे होंगे नाखून

**लड़कियों** को लंबे-लंबे नाखून रखना पसंद होता है, लेकिन इन्हें लंबा करना कोई आसान काम नहीं होता। अगर आसान होता तो हर किसी के हाथ में लंबे नाखून देखने को मिलते। कई लड़कियों के नाखून लंबे होते है तो सुंदर नहीं होते। नाखूनों को सुंदर और लंबा इस प्रकार बनाएं।

बहुत सारी महिलाओं के नाखून बढ़ते तो हैं लेकिन कमजोर होने के चलते जल्दी टूट जाते हैं। ऐसा हमारे शरीर में पोषक तत्वों की कमी के कारण होता है, इसलिए सबसे पहले आपको अपनी डाइट में बदलाव करना होगा। आपको कुछ ऐसी चीजों को अपनी डाइट में शामिल करना होगा जिनसे आपको पोषक तत्व मिलें।

### संतरे का रस

संतरे के रस को दस मिनट तक अपने नाखून पर लगाएं। इसके बाद अपने हाथों को गुनगुने पानी से धो लें। कुछ दिन तक ऐसा करने से आपके नाखून कुछ दिनों में बढ़ने लगेंगे।

### ऑलिव ऑयल

नाखून लंबे करने के लिए रोजाना ऑलिव ऑयल से नाखूनों की मालिश करें। विटामिन ई से भरपूर ऑलिव ऑयल नाखूनों को पोषण प्रदान करता है और खून का फ्लो नाखूनों तक बढ़ाता है जिससे नाखून तेजी से बढ़ना शुरु हो जाते हैं।

### लहसुन

नाखूनों को बढ़ाने के लिए लहसुन एक बेहतरीन उपाय माना जाता है। लहसुन को दो टुकड़ों में काट कर उसे 10 मिनट तक अपने नाखूनों पर रगड़ें। ऐसा करने से आपके नाखून कुछ ही दिनों में अच्छे खासे बढ़ जाएंगे।



# गर्मी में डेनिम वियर से मिलेगी राहत

**गर्मी** के मौसम में खानपान के साथ ही पहनावे का भी विशेष ध्यान रखना पड़ता है। इस मौसम में गरमी से राहत पाने के साथ ही स्टाइलिस दिखने के लिए आप डेनिम कपड़ों का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह कपड़े घर बाहर और ऑफिस सब जगह पहने जा सकते हैं।

डेनिम पैंट- डेनिम पैंट का हर समय चलन रहता है पर गरमी के मौसम में डेनिम पैंट आपके लिए काफी आरामदायक रहती है।

डेनिम शर्ट और कुर्ती - गर्मी में आप डेनिम की शर्ट और कुर्ती पहन सकती हैं। ये परिधान इस मौसम में आरामदायक होने के के साथ देखने में अच्छे भी लगते हैं।

डेनिम मिडी स्कर्ट- इस गर्मी के मौसम में आप डेनिम का मिडी स्कर्ट ट्राई कर सकती हैं। यह मिडी स्कर्ट आपको गर्मी से राहत दिलाएगी और काफी हद तक स्टाइलिस भी है।

डेनिम जैकेट- धूप से बचने के लिए आप डेनिम जैकेट को पहन सकती हैं। यह आपको स्टाइलिस लुक देने के साथ ही गरमी की तपिश से बचाएगा।

# सीएसके पर जीत के इरादे से उतरेगी पंजाब

**मुल्लांपुर (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। पंजाब ने इस सत्र में शुरुआती दोनो ही मैच जीते थे पर तीसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसके बाद टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि इससे टीम के खिलाड़ियों को जाग जाना चाहिये। इससे माना जा रहा है कि इस मैच में पंजाब जीत के लिए कोई कसर नहीं रखेगी। उसे घरेलू हालातों का भी लाभ मिल सकता है। श्रेयस अच्छे फार्म में हैं जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। उसके बल्लेबाज जमकर रन बना रहे हैं। इसके अलावा उसके गेंदबाजों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। टीम के पास ग्लेन मैक्सवैल जैसा ऑलराउंर है।

इस प्रकार देखा जाये तो पंजाब का पलड़ा भारी नजर आता है। वहीं दूसरी ओर सीएसके की टीम के लिए ये सत्र अच्छा नहीं रहा है और उसे अब तक एक ही मैच में जीत मिली है। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है। अनुभवी बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी भी अब पहले जैसे फिनिशर नहीं रहे हैं और इसका नुकसान टीम को उठाना पड़ रहा है। इसी कारण टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए लगातार तीन मैचों में हारी है।

सीएकसके की टीम को सही संयोजन भी तलाशना होगा। सीएसके के पास अब लक्ष्य का पीछा करते हुए निचले क्रम पर फिनिशर के तौर पर केवल शिवम दुबे ही बचे हैं। ऐसे में विपक्षी टीम अगर 180 से अधिक रन बना लेती है तो सीएसके लिए उसका पीछा करना भी कठिन हो जाता है। इसका कारण है कि शिवम आक्रामक बल्लेबाजी तो करते हैं पर वह कई मैचों में असफल भी रहे हैं।



धोनी के खराब प्रदर्शन के कारण सुपरकिंग्स की परेशानी इसलिए भी बढ़ी है क्योंकि उसका शीर्ष क्रम रन नहीं बना पा रहा है। इसी कारण कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को सलामी बल्लेबाज की जगह मध्यक्रम में उतरना पड़ रहा है। पंजाब किंग्स से मुकाबला इसलिए भी मुश्किल हैं क्योंकि पंजाब के पास स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं जिनका समाना करना सीएसके के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होगा।

## दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**चेन्नई सुपरकिंग्स** = रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रविंद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुड्डा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी और आंद्रे सिद्धार्थ।

**पंजाब किंग्स** = श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, निहाल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बरार, विष्णु विनोद, मार्को यानसेन, लॉकी फर्ग्युसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य और अजमतुल्लाह उमरजई।

# आईपीएल के इस सत्र में अब तक फ्लाप रहे हैं ऋषभ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान और आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत अभी तक इस सत्र में फ्लाप रहे हैं। ऋषभ ने अब तक खेले चार मैचों में केवल 19 रन बनाये हैं। ऋषभ से जहां प्रशंसकों को चौके और छक्कों की उम्मीद थी। वहीं वह अब तक के मैचों में एक ही छक्का लगा पाये हैं। इससे प्रशंसकों में निराशा है। बल्लेबाजी के अलावा कप्तानी में भी वह विफल रहे हैं। इसी कारण सुपरजायंट्स को अब तक चार में से दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है जिससे वह अंक तालिक में पहले पांच में भी नहीं हैं।

ऐसे में ऋषभ अब सबसे निशाने पर हैं। सुपर जायंट्स ने उन्हें नीलामी में 27 करोड़ में खरीदा और टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी भी सौंपी पर। पर वह असफल रहे। इस बल्लेबाज ने पिछले चार मैचों में कुल 19 रन बनाए हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 15 रन रहा है। उन्होंने ने अब तक चार मैचों में कुल 32 गेंदों का सामना किया। इस दौरान वह एक ही छक्का लगा पाये हैं। आंकड़ों से आप पंत की बल्लेबाजी को समझिए। अपनी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स के सामने वह खाता भी नहीं खोल पाये थे। वहीं इसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद के सामने 15 रन ही बना पाये। पंजाब किंग्स के सामने वह दो रन ही बना पाये। मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मैच में भी वह दो रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनकी बल्लेबाजी नहीं चलने से लखनऊ सुपर जायंट्स का मध्य क्रम दबाव में बिखर रहा है केवल निकोलस पूरन और मिशेल मार्श ही अब तक रन बना पाये हैं।

# क्लार्क ने यशस्वी और सैमसन की जोड़ी को शानदार बताया



**मुंबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने आइपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन की जोड़ी की जमकर प्रशंसा की है। क्लार्क ने कहा है कि ये दोनो किसी भी मैच को पलट सकते हैं। क्लार्क ने कहा, 'जायसवाल शुरुआती मैच में असफल होने के कारण पंजाब के खिलाफ बल्लेबाजी के दौरान ज़्यादा सतर्क थे। कुछ अच्छे शॉट्स लगाने से उनका मनोबल बढ़ा जिससे टीम तेजी से आगे बढ़ी। वह मैदान के चारों ओर शॉट मारता है। उसे लेग साइड पसंद है, लेकिन कीपर के ऊपर से ऊपर की ओर शॉट मारना और उसका कवर ड्राइव उसके पास सभी शॉट हैं। अगर वह शुरुआत में संयम से खेले और कुछ गेंदें और पहले ओवर में जमीनी शॉट लगाये तो विरोधी टीम के लिए काफी मुश्किलें पैदा कर सकता है।

उन्होने कहा, 'राजस्थान रॉयल्स पहले से अलग टीम नजर आयी है। उसकी सलामी जोड़ी विस्फोटक है। उसके बल्लेबाज काफी अच्छे हैं। वहीं भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने युवा रियान पराग की जमकर प्रशंसा की ओर कहा, 'मुझे वाकई लगता है कि राजस्थान रॉयल्स के लिए पंजाब के खिलाफ मैच में रियान पराग की पारी काफी अहम थी। ये सही है कि उन्हें यशस्वी ने उन्हें अच्छी शुरुआत दी पर बाद में पराग ने स्कोर आगे बढ़ाया। वह जानते हैं और भरोसा करते हैं कि धीमी शुरुआत की भरपाई किस प्रकार की जा सकती है। पहली 13 गेंदों में उनका स्ट्राइक रेट 100 से थोड़ा ज़्यादा था। अगली 13-14 गेंदों में यह 200 के करीब था। उस पारी ने राजस्थान रॉयल्स को काफी अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया। इसके बाद रही सही कसर गेंदबाजी में तीन विकेट लेकर जोफ्रा आर्चर ने पूरी कर दी।

# केकेआर और सुपर जाइंट्स की भिड़ंत में नरायाण और राठी होंगे आमने-सामने

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स इंडियन प्रीमियर लीग के दोपहर के मैच में मंगलवार को जब यहां आमने-आमने होंगे तो यह सुनील नरेन और उनकी तरह गेंदबाजी करने वाले तथा उनके सबसे बड़े प्रशंसक में से एक दिग्वेश राठी के बीच का मुकाबला भी होगा। दोनों टीम के अब तक दो-दो जीत से चार-चार अंक हैं।

केकेआर के लिए मौजूदा सत्र अब तक मिश्रित परिणाम वाला रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियन्स के खिलाफ हार के बाद केकेआर ने अपने पिछले मैच में शानदार वापसी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद पर आसान जीत दर्ज की और इस दौरान उसके मध्य क्रम ने भी उपयोगी योगदान दिया जो पिछले कुछ मैच में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहा था। टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर ने अंततः अच्छा प्रदर्शन किया जबकि रिंकू सिंह और अनुभवी अजिंक्य रहाणे ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। युवा अंगकृष रघुवंशी ने भी प्रभावित किया।

नाइट राइडर्स के लिए हालांकि सलामी जोड़ी चिंता का विषय बनी हुई है। क्विंटन डिकॉक और सुनील नारायण पिछले सत्र में फिल सॉल्ट की तरह टीम को आक्रामक शुरुआत देने में नाकाम रहे हैं। मौजूदा सत्र में इस जोड़ी की सर्वोच्च साझेदारी 44 रन की रही है जबकि अन्य मुकाबलों में सलामी बल्लेबाजों ने चार, एक और 14 रन की साझेदारी की। चयक्रको पता है कि नारायण की अहमियत सिर्फ रन बनाने तक ही सीमित नहीं है। नारायण और राठी के विपरीत खेमे में होने के कारण यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन दूसरे पर भारी पड़ता है।

दिल्ली प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन से ध्यान खींचने वाले राठी अब उस खिलाड़ी के खिलाफ खेलेंगे जिसने उनके क्रिकेट के सपने को आकार दिया। इमरान ताहिर जैसा हेयरस्टाइल, नारायण जैसा गेंदबाजी एक्शन और केसरिक विलियम्स जैसा जश्न मनाने का तरीका, राठी अपने स्टाइल और कौशल से आईपीएल 2025 की सबसे आकर्षक कहानियों में से एक बन गए हैं।

शुक्रवार की रात को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ इकाना में जब सुपरजाइंट्स के अन्य गेंदबाजों से 10 से अधिक रन प्रति ओवर की दर से रन दिए तो वहीं राठी ने चार ओवर में 21 रन देकर एक विकेट चटकाया। उन्होंने अब तक चार मैच में 7.62 के प्रभावशाली इकोनॉमी रेट से छह विकेट चटकाए हैं और केवल एक बार मैच में 8 रन प्रति ओवर से अधिक की दर से रन दिए हैं।

राठी की गेंदबाजी असाधारण रही है लेकिन मैदान पर उनके जश्न मनाने के तरीके ने विवाद खड़ा कर दिया है। उन पर पहले ही दो बार जुर्माना लगाया जा चुका है - एक बार पंजाब किंग्स के बल्लेबाज प्रियांश आर्य के साथ शारीरिक संपर्क के लिए और फिर मुंबई के खिलाफ जश्न मनाने के लिए। राठी के नाम पर अब तीन डिमेरिट अंक हैं और अगर उन्हें एक और डिमेरिट अंक मिलता है तो उन पर एक मैच का प्रतिबंध लग जाएगा।

लखनऊ की टीम इस मुकाबले में मुंबई के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 12 रन की जीत के बाद बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। मिचेल मार्श शीर्ष क्रम पर प्रभावी प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि एडेन मारक्रम ने सत्र की धीमी शुरुआत के बाद मुंबई के खिलाफ अर्धशतक के साथ फॉर्म में वापसी की है। हालांकि आईपीएल में अब तक खराब प्रदर्शन के कारण ऋषभ पंत को प्रशंसकों और विशेषज्ञों से आलोचना का सामना करना पड़ा है।

रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपये में खरीदे गए सुपर जाइंट्स के कप्तान पर दबाव बढ़ता जा रहा है, विशेषकर टीम के मालिक संजीव गोयनका के साथ जो खेल में अपनी भावुक भागीदारी के लिए जाने जाते हैं। पिछले सत्र में लोकेश राहुल के साथ 'बहस% के बाद, यह देखना बाकी है कि अगर पंत का खराब फॉर्म जारी रहता है तो गोयनका का धैर्य कब तक बरकरार रहता है।

**टीमें : कोलकाता नाइट राइडर्स :** क्विंटन डिकॉक, सुनील नाराण, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), अंगकृष रघुवंशी, वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, हर्षित राणा, स्पेंसर जॉनसन, वरुण चक्रवर्ती, एनरिक नोर्किया, वैभव अरोड़ा, अनुकूल रॉय, लवनिथ सिसोदिया, मोईन अली, रोवमैन पॉवेल, मयंक मारकंडे, रहमानुल्लाह गुरबाज और चेतन सकारिया।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), अब्दुल समद, आकाश दीप, आकाश सिंह, आवेश खान, आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीट्जके, युवराज चौधरी, राजवर्धन हांगरगेकर, हिम्मत सिंह, शमर जोसेफ, आर्यन जुयाल, अर्शिन कुलकर्णी, एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श, डेविड मिलर, निकोलस पूरन, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई, शाहबाज अहमद, मणिमारन सिद्धार्थ, शारदुल ठाकुर और मयंक यादव।

## शुभमन ऑरेंज कैप की दौड़ में शीर्ष दस में पहुंचे

मुम्बई। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के बाद सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की दौड़ में शीर्ष दस में पहुंच गये हैं। शुभमन ने हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में 61 रन बनाये थे। उनके अब चार मैचों में 146 रन हो गए हैं और वह 9वें स्थान पर हैं। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो मोहम्मद सिराज भी हैदराबाद के खिलाफ 4 विकेट लेकर पर्पल कैप के दावेदार बन गये हैं। वहीं इस मैच में गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई किशोर के पास ओरेंज कैप की सूची में शीर्ष पर आने का अवसर था लेकिन वह हैदराबाद के खिलाफ अधिक रन नहीं बना पाये। साई केवल 5 रन ही बना पाये। पूरन के चार मैचों में 201 जबकि सुदर्शन के 191 रन हैं और वह दूसरे नंबरर पर हैं। वहीं 184 रन बनाकर मिशेल मार्श तीसरे नंबर पर हैं। वहीं सिराज सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की रेस में दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। उनके चार मैचों में कुल 8 विकेट हैं। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद चार मैचों में 10 विकेट लेकर पहले नंबर पर हैं। तीसरे नंबर पर मिचेल स्टार्क हैं। स्टार्क ने भी चार मैचों में 9 विकेट लिए हैं।



# आईपीएल के शुरुआती सत्र में पाक क्रिकेटर ने जीती थी पर्पल कैप



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आजकल धूम है और इसमें दुनिया भर के क्रिकेटर नजर आ रहे है हालांकि पाकिस्तान के खिलाड़यों को इसमें शामिल नहीं किया जाता पर साल 2008 में हुए सत्र में पाक खिलाड़ियों को भी इसमें खेलने का अवसर मिला था। तब पाक के एक खिलाड़ी सोहेल तनवीर ने शेन वार्न की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स की ओर से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलायी थी। तनवी को तब रॉयल्स ने 40.16 लाख रुपए रुपये में खरीदा था। इस गेंदबाज को सबसे अधिक विकेट के लिए पर्पल कैप भी मिली थी। इस गेंदबाज ने तब 11 मैचों में कुल 22 विकेट लिए थे। उनके इस शानदार प्रदर्शन से राजस्थान टीम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी। फाइनल में भी तनवीर ने 1 विकेट लेकर टीम की सीएसके पर जीत में अहम भूमिका निभाई थी। तनवीर को राजस्थान ने नीलामी में साल 2008 में खरीदा था। तब वह 40.16 लाख रुपए में राजस्थान की टीम में शामिल हुए थे। सोहेल ने पहले ही सत्र में ही सबसे अधिक विकेट लेकर पर्पल कैप जीती थी। उन्होंने 11 मैचों में सबसे अधिक 22 विकेट लिए थे। इस कारण उन्हें 10 लाख रुपए की इनामी राशि भी मिली थ। इस सत्र में बाद सोहेल सहित पाक खिलाड़ी इसलिए नहीं खेल पाये क्योंकि मुम्बई हमले के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पाक खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। सोहेल ने पाक की ओर से 2 टेस्ट, 62 एकदिवसीय और कुल 57 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

# मेरे पास यह तय करने के लिए 10 महीने हैं कि... : संन्यास पर बोले धोनी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग में अपने भविष्य को लेकर बढ़ती अटकलबाजी से दूर रहे और कहा कि उनके करियर को खत्म करने का फैसला इस बात पर निर्भर करता है कि उनका शरीर शीर्ष स्तर के क्रिकेट की मांग पर कैसे प्रतिक्रिया देता है और उनके पास यह फैसला करने के लिए '10 महीने' हैं।

मौजूदा आईपीएल में धोनी उस तरह का प्रभाव नहीं डाल पाए हैं जैसा कि वे आमतौर पर निचले मध्य क्रम में बल्लेबाजी करते हुए डालते हैं। शॉट में टाइमिंग की कमी और प्रभावहीनता चार मैच में उनके द्वारा बनाए गए 76 रन के दौरान साफ नजर आई जिसके बाद विशेषज्ञों ने कप्तान के रूप में दो विश्व कप जीतने वाले धोनी को आगे बढ़ने की सलाह दी। हाल ही में उद्यमी राज शमानी के पॉडकास्ट पर धोनी ने कहा, 'मैं अब भी आईपीएल खेल रहा हूं और मैं एक बार में एक साल पर ध्यान दे रहा हूं। मैं अभी 43 साल का हूं और इस आईपीएल सत्र के अंत तक मैं 44 साल का हो जाऊंगा।'



उन्होंने कहा, 'इसलिए मेरे पास यह तय करने के लिए 10 महीने हैं कि मैं एक और साल खेलना चाहता हूं या नहीं और यह मुझे तय नहीं करना है क्योंकि यह मेरा शरीर तय करता है कि मैं खेल सकता हूं या नहीं।'

हालांकि टीम को पांच आईपीएल खिताब दिलाने वाले चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान ने कहा कि वह मैदान पर अपनी उपलब्धियों से काफी संतुष्ट हैं। धोनी ने कहा, 'यह इस बारे में नहीं है कि मैं खुश हूं या दुखी। जो कुछ भी हुआ है वह हो चुका है। इसे बदला नहीं जा सकता। यह सब कुछ स्वीकार करने के बारे में है। चाहे कुछ भी हो मैं अपने अंतरराष्ट्रीय रन में एक और रन नहीं जोड़ पाऊंगा और कोई भी उन्हें कम नहीं कर पाएगा।'

धोनी हमेशा वर्तमान को देखने वाले व्यक्ति रहे हैं लेकिन उन्होंने एक बार फिर सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली, वीरेंद्र सहवाग और युवराज सिंह जैसे दिग्गजों को एक ही टीम में देखने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा, 'मैं भारतीय खिलाड़ियों पर ही बात करूंगा। वीरू पा (सहवाग) पारी की शुरुआत करेंगे, सचिन, दादा (गांगुली)... और अब आप कल्पना करें कि हर कोई अपने चरम पर है। तब आपको लगेगा कि उनसे बेहतर कोई नहीं हो सकता' धोनी ने कहा, 'सर्वकालिक एकादश चुनना कठिन है। जब आप युवी को छह छक्के लगाते हुए देखते हैं तो आपको लगेगा कि मैं किसी अन्य बल्लेबाज को नहीं देखना चाहता। यह सब भारत के लिए उन्होंने जो किया है उसका लुत्फ उठाने के बारे में है। हमने जो प्रतिभाएं देखी हैं उनमें से कुछ बेजोड़ हैं।'

# गुजरात की टीम अंकतालिका में दूसरे नंबर पर पहुंची, सनराइजर्स अंतिम स्थान पर खिसकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजराज टाइटंस की टीम ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अंक तालिका में लंबी छलांग लगायी है। वहीं सनराइजर्स की टीम लगातार चौथी हार के साथ ही अंकतालिका में सबसे नीचे दसवें पायदान पर खिसक गयी है। गुजरात का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है और उसे 4 में से 3 मैचों में जीत मिली है। इससे 6 अंकों के साथ गुजरात अंक तालिका में दूसरे नंबर पर पहुंच गयी है। वहीं पहले नंबर पर अक्षर पटेल की कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स की टीम है। कैपिटल्स ने अपने सभी तीन मैच जीते और उसके 6 अंक हैं पर वह रन रेट में गुजरात से आगे है। वहीं सनराइजर्स ने इस सत्र की शुरुआतजीत के साथ की थी पर इसके बाद उसे लगातार हार का सामना करना पड़ा है। उसके केवल 2 अंक हैं।



सनराइजर्स के खिलाफ मुकाबले में सिराज ने गुजरात की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 4 ओवर में केवल 17 रन देकर 4 विकेट लिए। गुजरात के खिलाफ मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में ट्रेविस हेड केवल 8 रन बनाकर सिराज का शिकार बने।. इसके बाद 5वें ही ओवर में अभिषेक शर्मा भी 18 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। बल्लेबाज ईशान किशन से आज बड़ी पारी की उम्मीद थी पर वो भी केवल 17 रन बनाकर ही आउट हो गये। हेनरिक क्लासेन और नीतीश रेड्डी भी रन बनाने में विफल रहे। कप्तान पैट कमिंस ने कुछ अच्छे शॉट खेलकर टीम को 8 विकेट पर 152 रनों तक पहुंचाया। इसके बाद जीत के लिए मिले 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसके शुरुआती बल्लेबाज भी असफल रहे लेकिन वॉशिंगटन सुंदर और शुभमन के बीच हुई साझेदारी से टीम ने मैच अपने नाम कर लिया।

# क्लासिक भाला फेंक इवेंट में खेलते नजर आयेंगे नीरज



पंचकूला। ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अगले माह हरियाणा के पंचकूला में एक घरेलू टूर्नामेंट में भाग लेंगे। नीरज यहां 24 मई को क्लासिक भाला फेंक इवेंट में शामिल होंगे। इसी के साथ ही नीरज एक साल से भी अधिक समय के बाद किसी घरेलू टूर्नामेंट में भारतीय टीम की ओर से खेलते हुए दिखेंगे। इससे पहले घरेलू मैदान पर अंतिम बार वह मई 2024 में भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में उतरे थे। अब 374 दिनों के बाद नीरज भारत में प्रतिस्पर्धा करते दिखेंगे। इससे पहले अंतिम बार वह मई 2024 में भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में उतरे थे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू ने कहा कि नीरज चोपड़ा के अलावा इस क्लासिक इवेंट में विश्व के कई अन्य टॉप भाला फेंक खिलाड़ी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता की तैयारियों अभी जारी है। नीरज टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता है हालांकि पेरिस ओलंपिक में वह रजत पदक ही जीत पाये थे। विश्व चैम्पियनशिप सही कई और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में वह नंबर एक स्थान पर रहे हैं। सागू ने कहा कि इस टूर्नामेंट से सभी को अंदाज हो जाएगा कि भारत एथलेटिक्स के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। सागू ने कहा, 'यह टूर्नामेंट उसी स्थान पर हो रहा है जहां नीरज ने अपने जूनियर शिविर का अधिकांश समय बिताया था। नीरज की भागीदारी के साथ देश में इस टूर्नामेंट की मेजबानी करना खुशी की बात है। नीरज ने इसी स्टेडिया में शुरुआत की थी। इसके बाद वह दोहा डायमंड लीग में खेलेंगे।

## अगले माह टेनिस कोट में वापसी करेंगे सिनर

लंदन। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर अब पांच मई से एक बार फिर टेनिस कोर्ट पर खेलते नजर आयेंगे। सिनर सभी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेल पाएंगे और उन्होंने विश्व में जो नंबर एक रैंकिंग हासिल की थी वह भी पहले की तरह ही रहेगी। सिनर को गत वर्ष मई में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के सेवन का दोषी पाया गया था जिसके बाद से ही वह निलंबित चल रहे थे पर इसके बाद उनका उनका विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से समझौता हो गया था। इससे बाद उन्हें केवल तीन माह ही निलंबन में और गुजारने थे। ये निलंबर इसी माह समाप्त हो जाएगा। इस दौरान उनके जीते खिताब ओर ईनामी राशि भी वापस नहीं ली जाएगी। उनको इस प्राकर की सुविधा मिलने से काफी विवाद भी उठा था। वहीं विश्व के कई दिग्गज टेनिस खिलाड़ियों ने नाराजगी भी जतायी थी। इन खिलाड़ियों का का मानना है कि डोपिंग मामले में इस प्रकार का समझौता सही नहीं है। इससे खेलों में डापिंग को बढ़ावा मिलेगा। वहीं जो खिलाड़ी इस प्रकार के कामों में लिप्त नहीं होते उन्हें ये अपने साथ धोखा लगेगा क्योंकि डोपिंग में लिप्त खिलाड़ी भी उन्हीं के बराबर में आ जाएंगे। ऐसे में लोग सभी को समान मानेंगे। इसी को लेकर तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्विटजरलैंड के स्टैन वावरिंका ने सोशल मीडिया में लिखा, 'खेल में पारदर्शिता नहीं रहेगी।वहीं विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस ने कहा, 'टेनिस में अब निष्पक्षता पर सवाल उठे। सिनर की टीम ने केवल तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के लिए अपनी तरफ से पूरी शक्ति लगा दी। उन्हें स्टार खिलाड़ी होने का लाभ मिला जो गलत तरीका है। वहीं दानिल मेदवेदेव ने कहा कि अब हर कोई डोपिंग में लिप्त होने के बाद इसी प्रकार से समझौते करेगा।



# आईपीएल में 100 विकेट पूरे करने के बाद सिराज ने दिया पहला बयान, वर्तमान पर ध्यान देना चाहता हूं

**हैदराबाद (एजेंसी)।** अपनी खोई हुई लय को फिर से हासिल करने वाले मोहम्मद सिराज इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मौजूदा संस्करण में 'वर्तमान पर ध्यान देना और अपनी गेंदबाजी का 'आनंद लेना' चाहते हैं। सिराज को मेगा नीलामी में गुजरात टाइटन्स ने 12.25 करोड़ रुपए की भारी भरकम रकम में खरीदा था और वह फ्रेंचाइजी की उम्मीदों पर खरे उतर रहे हैं।

आदर्श शुरुआत ना होने और पंजाब किंग्स के खिलाफ अभियान के पहले मैच में 54 रन लुटाए थे और कोई विकेट नहीं लिया था। हालांकि एक बुरे सपने जैसी शुरुआत के बाद सिराज ने अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाया, अपनी तेज गति से गति को बढ़ाया और पारी के सभी चरणों में आसानी से विकेट चटकाए। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने गृहनगर में वापसी करते हुए सिराज ने मैदान पर धूम मचा दी और 100 आईपीएल विकेट लेने के साथ ही टी20 प्रारूप में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े दर्ज किए।

आईपीएल द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में जीटी कप्तान शुभमन गिल के साथ एक स्पष्ट बातचीत में सिराज ने कहा, 'हर दिन, मैं कुछ नया सीखना चाहता हूं। मैं वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं और अपनी गेंदबाजी का आनंद लेना चाहता हूं।'

सिराज ने रात का अंत 4/17 के आंकड़े के साथ किया जो टी20 में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था और उन्होंने कैश-रिच लीग में 100 विकेट का आंकड़ा पार किया। उनकी रात खास हो गई क्योंकि 31 वर्षीय खिलाड़ी का परिवार 'मियां मैजिक' को पहली बार देखने के लिए कार्यक्रम स्थल पर मौजूद था। सिराज ने कहा, 'जब आप अपने दोस्तों और परिवार के सामने प्रदर्शन करते हैं तो आप उस भावना को शब्दों में बयां नहीं कर सकते। वे केवल एक ही स्थान पर आते हैं, और मैं अभी उस भावना को शब्दों में बयां नहीं कर सकता।'

सिराज के शानदार विकेट पूल में अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, अनिकेत वर्मा और सिमरजीत सिंह शामिल थे। उनके अथक स्पेल ने हैदराबाद को 152/8 के औसत स्कोर पर रोक दिया, जिसे जीटी ने बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया और गिल के नाबाद 61 रनों की बदौलत सात विकेट से जीत दर्ज की।





# अक्षरा सिंह को नहीं लोगों की परवाह, कहा- एक ही जिंदगी है, खुलकर जियो

**अक्सर कोई काम करते वक्त लोग चार लोगों का ख्याल रखते हैं। चार लोग यानी समाज। सामान्य लोग नहीं, बल्कि फिल्मी हस्तियों को भी इस बात की चिंता सताती है कि चार लोग क्या कहेंगे? मगर, अक्षरा सिंह अब इससे आगे निकल चुकी हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी जिंदगी का फलसफा शेयर किया है, जो दूसरों के भी काम आ सकता है। अक्षरा ने बताया कि अब उन्हें चार लोगों की परवाह नहीं।**

अक्षरा ने बताया कि अब उन्हें चार लोगों की परवाह नहीं। अक्षरा सिंह ने वीडियो शेयर किया है। ब्लू कलर के आउटफिट में वे काफी स्टाइलिश लुक में नजर आ रही हैं। काला चश्मा चढ़ाते हुए वे तेवर दिखा रही हैं। वीडियो में लिखा है, चार लोग क्या कहेंगे अब उससे डर नहीं लगता, डर तो ये है कि उन चार लोगों को मैं कुछ न कह दूं। इसके साथ अक्षरा ने कैप्शन लिखा है, क्या बोलती पब्लिक? एक ही जिंदगी है खुल के जियो और जीने दो।

## यूजर्स ने जताई सहमति

अक्षरा सिंह के इस पोस्ट पर यूजर्स के रिएक्शन नजर आ रहे हैं और अभिनेत्री का यह जीवन मंत्र सभी को काम का लग रहा है। अधिकांश यूजर्स ने अक्षरा की बात पर सहमति जताई है। एक यूजर ने लिखा, अक्षरा भोजपुरी इंडस्ट्री में वाइल्ड फायर हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा, खुलकर जियो और दूसरों को भी कुछ न बोलो, तब भी लोग जीने नहीं देते हैं दीदी। एक यूजर ने लिखा, शेरनी।

## निरहुआ के साथ आएंगी नजर

अक्षरा के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने साल 2010 में फिल्म सत्यमेव जयते से भोजपुरी इंडस्ट्री में डेब्यू किया। इस फिल्म में रवि किशन लीड रोल में नजर आए। अदाकारी के साथ-साथ अक्षरा अपनी सुरीली आवाज के दम पर भी इंडस्ट्री में राज कर रही हैं। अक्षरा सिंह की आगामी फिल्म चार फेरे सात वचन है, जिसमें वे दिनेश लाल यादव निरहुआ के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी।



# शोभिता धुलिपाला के हाथ लगा बड़ा रोल, फिल्म में फहद फासिल की भी एंट्री

**शोभिता धुलिपाला ने कई हिंदी, तेलुगु, मलयालम और तमिल फिल्मों में काम किया है, जिनमें गुडाचारी से लेकर मेजर, पोन्नियिन सेलवन 1, पोन्नियिन सेलवन 2 और द नाइट मैनेजर जैसी फिल्में और सीरीज शामिल हैं। अब वहीं शोभिता एक और अनाम तमिल फिल्म के लिए कमर कस रही हैं, जिसमें उनके साथ कई अभिनेताओं की टुकड़ी नजर आएगी।**

## शोभिता का मिली बड़ी फिल्म

एक खबर के मुताबिक, शोभिता धुलिपाला तमिल मशहूर डायरेक्टर पा. रंजीत की नई फिल्म में महत्वपूर्ण किरदार में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में दिनेश मुख्य अभिनेता होंगे और आर्या विलेन का किरदार निभाएंगे। अभी इस फिल्म का नाम तय नहीं हुआ है, लेकिन इसमें अशोक सेलवन और फहाद फासिल जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## शोभिता का करियर

शोभिता धुलिपाला एक भारतीय सुपरमॉडल, पूर्व मिस अर्थ इंडिया और अभिनेत्री हैं, जिन्होंने हिंदी, मलयालम, तमिल और तेलुगु फिल्मों में काम किया है। शोभिता ने इकोनॉमिक्स में मास्टर्स की डिग्री ली है। मॉडलिंग से शोभिता ने अपना करियर शुरू किया था। 2013 में उन्होंने मिस इंडिया अर्थ का खिताब जीता था। शोभिता को 2016 में बॉलीवुड फिल्म रमन राघव 2.0 में अभिनय किया।

## शोभिता की शादी

शोबिता धुलिपाला ने साउथ अभिनेता नागा चैतन्य से शादी की है। हालांकि, यह चै की दूसरी शादी है। चै की पहली शादी साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु से हुई थी। सामंथा से तलाक के बाद ही नागा ने शोभिता से दूसरी शादी की है।



# ट्रोलिंग से अब कोई फर्क नहीं पड़ता



सारा अली खान को अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ और पर्सनल लाइफ को लेकर ट्रोल किया जाता है। एक्ट्रेस ने हाल ही में सोशल मीडिया ट्रोलिंग को लेकर बात की। उनका मानना है कि नेगेटिविटी को सिर्फ मेडिटेशन से ही कम किया जा सकता है। सारा अली खान ने बातचीत के दौरान सवाल किया गया कि वह सोशल मीडिया ट्रोलिंग को कैसे डील करती हैं और उससे कैसे डील करती हैं? सारा ने ट्रोलिंग को लेकर बात करते हुए कहा, मुझे मेरे धर्म को लेकर भी ट्रोल्स किया जाता है, लोग कहते हैं कि तुम मुस्लिम हो और हिंदू मंदिरों में जाती हो। लेकिन मुझे अब इन सब बात से फर्क पड़ना बंद हो गया है। मुझे ट्रोलिंग से डील करने में सबसे ज्यादा हेल्प मेडिटेशन करता है। मुझे मेडिटेशन से यह पता चलता है कि क्या रियल है और क्या नहीं। मेरे लिए समस्या कभी भी ट्रोलिंग नहीं थी, मेरा यह सोचना था कि मैं ही सबसे अच्छी हूं। अब, मैंने यह सोचना ही बंद कर दिया है। सारा ने आगे कहा, 'मैं एक एक्टर के रूप में अभी भी टॉप पर नहीं हूं। कुछ लोग कुछ कलाकारों को पसंद करते हैं, और कुछ को नहीं। एक एक्टर के रूप में मुझे अभी काफी लंबा सफर तय करना है। अभी एक लंबी लाइफ है, अभी काफी कुछ करना है।'




# एक बड़े बजट की कॉमेडी ट्राइलॉजी के लिए साथ आए कार्तिक आर्यन और करण जौहर

कार्तिक आर्यन और करण जौहर एक बार फिर साथ काम करने के लिए तैयार हैं, और इस बार, वे निर्माता महावीर जैन के साथ एक महत्वाकांक्षी कॉमेडी ट्राइलॉजी के लिए साथ आ रहे हैं। हाल ही में कार्तिक और करण ने रोमांटिक कॉमेडी तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी की शूटिंग शुरू की थी, और अब यह जोड़ी एक हाई-कॉन्सेप्ट फिल्म के लिए साथ आ रही है, जो हंसी, सरप्राइज और शानदार विजुअल्स से भरपूर होगी। पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रोजेक्ट का निर्देशन फुकरे फ्रेंचाइजी के निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा करेंगे। इस प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने खुलासा किया, मृगदीप सिंह लांबा लंबे समय से इस हाई-कॉन्सेप्ट कॉमेडी पर काम कर रहे हैं, और इसे एक ट्राइलॉजी के रूप में बनाया जा रहा है, जिसमें कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका निभाएंगे। करण को यह कॉन्सेप्ट बेहद पसंद आया और उन्होंने तुरंत इस प्रोजेक्ट को बड़े पर्दे के लिए प्रोड्यूस करने के लिए हामी भर दी। इस स्क्रिप्ट में हर वर्ग के सिनेमा प्रेमियों से जुड़ने की क्षमता है। फिल्म फिलहाल प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है, और टीम इसकी भव्यता और विजुअल अपील पर काम कर रही है ताकि इसे एक अनोखा सिनेमाई अनुभव बनाया जा सके। फिल्म की अवधारणा को लेकर सूत्र ने आगे बताया, यह सिर्फ एक कॉमेडी से कहीं बढ़कर है, क्योंकि मेकर्स इसे बड़े स्केल और शानदार विजुअल्स के साथ दर्शकों को चौंकाने के इरादे से बना रहे हैं। फिलहाल फिल्म की प्री-प्रोडक्शन प्रक्रिया चल रही है और यह सितंबर 2025 में फ्लोर पर जाएगी। प्रोजेक्ट के पैमाने को देखते हुए, निर्माता 2026 में रिलीज़ की उम्मीद कर रहे हैं। इस सहयोग से कार्तिक आर्यन की फिल्मोग्राफी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होने की उम्मीद है, क्योंकि वह लगातार खुद को एक बहुमुखी कलाकार के रूप में स्थापित कर रहे हैं, खासकर कॉमेडी शैली में। करण जौहर के लिए भी यह फिल्म उनके बैनर धर्मा प्रोडक्शंस के तहत एक और रोमांचक प्रोजेक्ट साबित होगी, जहां वह कॉमेडी जॉनर को एक नए दृष्टिकोण से एक्सप्लोर कर रहे हैं। वहीं, मृगदीप सिंह लांबा के निर्देशन में, जो पहले भी दर्शकों को पसंद आने वाली एंटरटेनिंग फिल्में दे चुके हैं, इस फिल्म से काफी उम्मीदें लगाई जा रही हैं। जैसे-जैसे इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुकता बढ़ रही है, दर्शक इसकी स्टारकास्ट, कहानी और मेकर्स द्वारा पेश किए जाने वाले सरप्राइज से जुड़ी अधिक जानकारी का इंतजार कर रहे हैं।

# केसरी 2 में दिग्गज वकील सी. शंकरन नायर के किरदार में दिखेंगे अक्षय कुमार



अक्षय कुमार की हिस्टोरिकल ड्रामा फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' का ट्रेलर जारी हो गया है। जलियांवाला बाग में हुए नरसंहार पर आधारित इस फिल्म में अक्षय दिग्गज वकील सी. शंकरन नायर के किरदार में दिखेंगे। यहां जानिए कौन हैं सी शंकरन नायर। 11 जुलाई 1857 को जन्मे शंकरन नायर ने 1877 में मद्रास प्रेसीडेंसी कॉलेज से आर्ट की डिग्री ली और मद्रास लॉ कॉलेज से कानून की पढ़ाई पूरी की। 1880 में शंकरन नायर ने मद्रास हाईकोर्ट से अपनी वकालत शुरू की। 1887 में शंकरन नायर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया। 13 अप्रैल 1919 को जब जलियांवाला बाग में भीषण नरसंहार हुआ और अंग्रेजों ने देशवासियों पर गोलीबारी की तब शंकरन नायर शिक्षा मंत्री और वायसराय की कार्यकारी परिषद में एकमात्र भारतीय प्रतिनिधि थे। यह घटना शंकरन नायर के जीवन में सबसे अहम मोड़ लेकर आई। इसके बाद उन्होंने वायसराय की कार्यकारी परिषद से इस्तीफा दे दिया। अंग्रेजों ने इस घटना के तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया था। इसके बाद शंकरन नायर ने अंग्रेजों की इस क्रूरता को उजागर करने की ठानी। उन्होंने अदालत में अंग्रेज सरकार के विरुद्ध अकेले लड़ाई लड़ी। नायर ने कोलोनियल ऑफिसर पर अपनी प्रशासनिक शक्तियों का गलत इस्तेमाल करने और अत्याचार बढ़ाने का आरोप लगाया।



# हंसल मेहता ने बांधे कंगना की तारीफों के पुल

अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत और फिल्म मेकर हंसल मेहता के बीच बीते दिनों सोशल मीडिया पर कहासुनी हुई। दरअसल, स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा की महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद दोनों आमने-सामने आए। दोनों के फैंस भी आपस में भिड़े। अब इस पूरे मामले के कुछ दिन बाद ही हाल ही में हंसल मेहता ने कंगना की दिल खोलकर तारीफ की है।

दरअसल, हंसल मेहता विवादित टिप्पणी मामले में कुणाल कामरा का बचाव करते दिखे। इसके बाद नेटिजन्स ने उन्हें ट्रोल करना शुरू किया और पूछा कि जब कंगना के दफ्तर पर बुलडोजर चला था तब वे कहां थे? इस पर हंसल मेहता ने कहा, क्या उनके घर तोड़फोड़ हुई थी, क्या गुंडे उनके घर में घुसे थे? क्या उन्होंने उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को चुनौती देने या कथित एफएसआई उल्लंघन के लिए ऐसा किया? कृपया मुझे इसके बारे में बताए। शायद मैं तथ्य नहीं जानता। इस पर कंगना रनौत ने हंसल मेहता को जवाब दिया और याद दिलाया कि उन्हें भी आपत्तिजनक शब्द बोले गए थे।

## कैमरे के सामने उनका जादू चलता है

कंगना से सोशल मीडिया पर तकरार के कुछ दिनों बाद हाल ही में हंसल मेहता ने अभिनेत्री की दिल खोलकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि वे कंगना की प्रतिभा के कायल हैं। हंसल मेहता ने कहा कि वे कंगना के कायल हैं। वे उनकी स्क्रीन प्रिजेंस को पहचानते हैं। हंसल मेहता ने माना कि कैमरे के सामने कंगना की उपस्थिति जादुई होती है। हंसल मेहता ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में यह कहा। हंसल ने कहा, मैं उनकी अदाकारी का कायल हूं। मैं उनकी प्रतिभा का वर्णन नहीं कर सकता, बस कैमरा उनसे प्यार करता है। यहां तक कि वे भी नहीं जानतीं कि वे कैमरे के सामने क्या जादू कर सकती हैं।

## सिमरन में किया है साथ काम

हंसल मेहता ने कंगना को लेकर आगे कहा, हमारी बनती नहीं थी, हमारी नहीं बनी, होता है। मेरी अपनी एक्स वाइफ के साथ भी नहीं बनी। लेकिन वे मुझसे बेहतर इंसान हैं। हंसल मेहता ने कंगना रनौत के साथ फिल्म सिमरन (2017) में काम किया है। उन्होंने इस फिल्म का निर्देशन किया। फिल्म निर्माता ने एक बार घोषणा की थी कि कंगना के साथ फिल्म करना उनकी भारी गलती थी। फिल्म के निर्माण के बाद हंसल और कंगना के बीच अनबन हो गई थी। हालांकि, इस टिप्पणी के बाद भी उन्होंने कंगना की तारीफ की थी। अब सोशल मीडिया पर हुई कहा-सुनी के बाद भी वे कंगना की तारीफों के पुल बांधते दिखे हैं।

# फिल्म फौजी में प्रभास के साथ नजर आ सकती है दिशा पाटनी

पैन इंडिया स्टार प्रभास इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच उनकी एक और फिल्म फौजी को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में प्रभास की जोड़ी उनकी फिल्म कल्कि 2898 एडी की एक अभिनेत्री के साथ नजर आएगी। एक खबर के मुताबिक, फौजी एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी। फौजी में प्रभास और दिशा पाटनी एक साथ नजर आ सकते हैं। इस फिल्म से पहले प्रभास और दिशा की जोड़ी को प्रशंसकों ने कल्कि 2898 एडी में खूब पसंद किया था। बहरहाल, इस फिल्म का आधिकारिक नाम अभी तक तय नहीं हुआ है, तब तक इस फिल्म का संभावित नाम फौजी है।

वैसे इस फिल्म में दो अभिनेत्रियों के होने की बात सामने आई है, जिसमें इमानवी इस्माइल का नाम पहले से ही शामिल है और अब उनके अलावा इस फिल्म में दूसरी मुख्य अभिनेत्री के तौर पर दिशा पाटनी का नाम शामिल हो गया है।

बहरहाल, अभी तक निर्माताओं की ओर से इस फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।



समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# भाजपा एक दल नहीं एक राष्ट्रभक्ति का आंदोलन है : कृष्णपाल गुर्जर

## 2047 तक देश को विकसित भारत बनाना मोदी जी का संकल्प : कृष्णपाल गुर्जर

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करने के बाद कहा कि भाजपा एक दल नहीं विचार है, जिसका ध्येय राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण है। केन्द्रीय मंत्री ने पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी महान संस्थापक सदस्यों, नेताओं और करोड़ों कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि जिनके अमूल्य त्याग, प्रेरणादायी नेतृत्व और कठिन परिश्रम से आज भाजपा को ना सिर्फ विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव प्राप्त हुआ बल्कि यह भारतीय संस्कृति, सर्व समावेशी सामाजिक चेतना, राष्ट्रवाद और विकासोन्मुखी राजनीति का पर्याय बन चुकी है। देश में मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनी है और देश के अधिकतर राज्यों में भाजपा की सरकार है, जिसका श्रेय भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ताओं को जाता है। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह जी के समय में भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी और पार्टी का संगठन विस्तार लगातार जारी है । श्री गुर्जर ने कहा मोदी जी का लक्ष्य है भारत को गौरवशाली, शक्तिशाली और श्रेष्ठ भारत बनाना हम इसे पूरा होते हुए देख रहे हैं। 2047 में देश विकसित भारत बने, मोदी जी इस संकल्प के साथ देश को आगे बढ़ा रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस पर केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने पार्टी जिला कार्यालय 'अटल कमल' पर ध्वजारोहण किया। उन्होंने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ भारत माता और जनसंघ के संस्थापक सदस्यों श्री श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्रों पर पुष्पांजलि की। इस अवसर पर हरियाणा सरकार में खाद्य मंत्री राजेश नागर, फरीदाबाद की महापौर प्रवीण बत्रा जोशी, राष्ट्रीय परिषद् सदस्य संदीप जोशी,फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, बल्लभगढ़ के जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह, पूर्व विधायक नरेंद्र गुप्ता, जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश रक्षवाल, पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, आर एन सिंह, शेर सिंह भाटिया मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। केन्द्रीय राज्य मंत्री द्वारा जिला कार्यालय पर प्रदेश सरकार के विकास कार्यों और योजनाओं पर आधारित एक प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया ।



### मोदी जी और नायब सिंह सैनी जी समाज के सभी वर्गों को कर रहे हैं सशक्त : पंकज पूजन रामपाल

इस अवसर पर फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि 1951 में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी जैसे अनेकों महापुरूष पार्टी के विचार को लेकर आगे बढ़े और अपने प्राणों तक की बाजी लगाई। पार्टी में प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आड़वाणी जी जैसे कई महान पुरूष हुए हैं जिन्होंने राष्ट्र प्रथम की विचारधारा को जीवन का ध्येय बनाकर पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य किया और आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समाज के सभी वर्गों महिला, युवा, किसान, गरीब सबको सशक्त करने का कार्य कर रहे हैं। श्री पंकज पूजन रामपाल ने बताया कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने अपने बूथ पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया और अपने घरों और कार्यालयों पर पार्टी का ध्वज फहराया ।

### राष्ट्र निर्माण की भावना और अंत्योदय के मूलमंत्र पर भाजपा सरकार कर रही है देशवासियों को सशक्तः सोहनपाल सिंह

बल्लभगढ़ के जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह ने कहा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में और करोड़ों कार्यकर्ताओं के पुरुषार्थ से पार्टी लगातार आगे बढ़ रही है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ और अंत्योदय के मूलमंत्र पर चलकर देश और देशवासियों को सशक्त करने का कार्य कर रही है । देश और प्रदेश में लगातार 3 बार हुई पार्टी की प्रचंड जीत देश की जनता में भाजपा के प्रति अटूट विश्वास को दर्शाती है । केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा सरकार में मंत्री राजेश नागर समेत सभी वरिष्ठ नेताओं ने मिठाई खिलाकर उपस्थित कार्यकर्ताओं को भाजपा स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

आज के कार्यक्रम में जि़ला उपाध्यक्ष एवं पार्षद अनिल नागर, सुखबीर मलेरना, भारती भाकुनी, लक्षमण तंवर, सचिव सुनीता बघेल, मुकेश अग्रवाल, रवि कश्यप, पंकज सिवाल, पार्षद हरेन्द्र भडाना, पार्षद कुलदीप साहनी, पार्षद सचिन शर्मा, जि़ला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शोभित अरोड़ा, प्रदेश सह संयोजक सोशल मीडिया अमित मिश्रा, मनीष छोंकर, प्रकाशवीर नागर, जिला मीडिया सह प्रभारी राज मदान, प्रिया सहगल, शिवम रतन, विमल खंडेलवाल, गिर्राज त्यागी, हरीश धनखड़, जि़ला कार्यालय सह सचिव सचिन गुप्ता, सीमा भारद्वाज, अलका भाटिया, नरेंद्र जैन, रोहित भाटिया कृष्ण आर्य, सुधीर मेहता, प्रदेश,जिला, मोर्चा, प्रकोष्ठ और विभागों के संयोजक, सह संयोजक, कार्यकर्त्ता एवं अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वामी रामदेव जी महाराज के संन्यास दीक्षा दिवस पर किया गया 21 कुण्डीय महायज्ञ

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**बल्लभगढ।** श्रीरामनवमी पर्व एवं पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज संन्यास दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में सर छोटूराम पार्क सै.64, बल्लभगढ़ में 21 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया गया।



यज्ञ का सम्पादन योगाचार्य जयपाल शास्त्री जी एवं सुश्री निष्ठा आर्या जी द्वारा कराया गया।योगाचार्य जयपाल शास्त्री जी द्वारा पार्क में योग कक्षा की स्थापना भी की गई। शिविर में भाई रिंकू मल्होत्रा जी व भाई अनिल कपूर जी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिविर की व्यवस्थाओंमें RWA सेक्टर -64 की टीम ने सराहनीय योगदान दिया।इस अवसर पर समाजसेवी भाजपा नेता श्री टिपरचन्द शर्मा जी ने बल्लभगढ़ में निरन्तर योग यज्ञ जैसे अच्छे कार्यक्रम करने की सराहना की तथा पार्कों के सौंदर्यकरण की बात कही। क्षेत्रीय वार्ड 45 की पार्षद श्रीमती किरणबाला जी व जेपी मास्टर ने सभी वार्ड के समुचित विकास का आश्वासन दिया तथा सभी का धन्यवाद किया।

RWA सेक्टर - 64 की टीम ने स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर रमेश पहलवान, राजकिशोर दीक्षित, विपिन, मुनेश, योगेश, सुरेश, योगेश, संदीप, महिपाल, नानकचंद, ज्ञानचंद, प्रेमपाल, दिनेश राठौड़, सतवीर, हरदीप आदि की उपस्थिति रही।

# जीटी भारत कंपनी ने 90 टीबी रोगियों को लिया गोद

### सार्थक मुहिम में अपनी महती भूमिका निभाए जिला के जनप्रतिनिधि और संस्थाएं : डीसी अजय कुमार




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** 2025 में टीबी रोग के खात्मे को लेकर सरकार विभिन्न उपायों पर काम कर रही है। टीबी रोग के उन्मूलन में सामान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, गैर सरकारी संस्थान अन्य संस्थाएं अपनी मजबूत भागीदारी निभा सकते हैं। इसके लिए सरकार निक्षय मित्र बनने का मौका दे रही है। इसी क्रम में जीटी भारत कंपनी ने टीयू वज़ीराबाद क्षेत्र के 90 टीबी रोगियों को छह माह के लिए गोद लेकर अपनी सकारात्मक भूमिका निभाई है। इस प्रभावी पहल के तहत डीसी अजय कुमार के मार्गदर्शन व सिविल सर्जन डॉ. अलका सिंह के दिशा निर्देशन में यूपीएचसी चंदरलोक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपरोक्त कंपनी द्वारा संबंधित टीबी रोगियों को पोषण किट वितरित की गई। जिनमें रोगियों की आवश्यकता अनुसार संतुलित आहार सामग्री शामिल थी। अभियान के तहत मरीजों को पोषण, परामर्श और नियमित निगरानी जैसी सुविधाएं दी जाएंगी, जिससे उनका उपचार और तेज़ व प्रभावी हो सके।

निक्षय मित्र बन कर कोई भी व्यक्ति टीबी रोगी को गोद लेकर उनकी सेवा कर सकता है। अभियान के तहत निक्षय मित्र बनने वाले व्यक्ति या संस्थान मरीजों को पोषण, डायग्नोसटिक और रोजगार के स्तर पर मदद कर उनसे सच्ची मित्रता निभा सकते हैं। डीसी अजय कुमार ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा है कि जिले के लोग, जनप्रतिनिधि और विभिन्न संस्थाएं निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की सहायता करने का संकल्प लेकर इस सार्थक मुहिम में अपनी महती भूमिका निभाए। इस अवसर डिप्टी सीएमओ डॉ केशव शर्मा, जीटी भारत के सीईओ सत्य झा और उनकी टीम, यूपीएचसी चंदरलोक की चिकित्सा अधिकारी इंचार्ज डॉ. शालू और जिला पीपीएम समन्वयक पूनम देवी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट महावीर मंदिर में धूमधाम से मनाई गई रामनवमी

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट (रजि0) श्री महावीर मंदिर (प्राचीन हनुमान मंदिर) महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद में रामनवमी पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमति प्रवीण जोशी व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप जोशी, केबीनेट मंत्री विपुल गोयल के भतीजे सुवा भाजपा नेता अमन गोयल,युवा भाजपा नेता करण सिंगला उपस्थित थे।



इस मौके पर अतिथिगणों ने मंदिर के उपप्रधान सतपाल चौधरी, धर्मवीर चौघरी, सचिव अनिल गुप्ता एडवोकेट, सेवादार टेकचन्द नंन्द्राजोग (टोनी पहलवान), चरण सिंह सैनी प्रधान आरडब्लूए महावीर नगर, योगेश चावला, औदिनेश छाबड़ा, चुन्नीलाल चोपड़ा, कृष्णदत्त शर्मा, सोनू शर्मा, अनिल वर्मा, धीरज वधवा, पिन्टू सैनी, राजेश तनेजा, प्रेमवीर सिंह, कमल नंन्द्राजोग, पंडित धीरज त्रिपाठी, खूबङ्क्षसह सैनी, व समस्त महिला मंडल गुरुद्वारा महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद के साथ मिलकर सबसे पहले हवन कीर्तन में भाग लिया उसके उपरांत विशाल भण्डारे में भक्तों को प्रसाद वितरित भी किया और ग्रहण भी किया। इस मौके पर महापौर श्रीमति प्रवीण जोशी ने कहा कि रामनवमी भगवान राम के जन्म का उत्सव है। भगवान राम को विष्णु का अवतार माना जाता है धरती पर असुरों का संहार करने के लिए भगवान विष्णु ने त्रेता युग में श्रीराम के रूप में धरती पर अवतार लिया था। अमन गोयल ने कहा कि भगवान राम को मर्यादा पुरूषोतम कहा जाता है क्योकि उन्होंने अपने जीवनकाल में कई कष्ट सहते हुए भी मार्यादित जीवन का सर्वक्षेष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होनें विपरीत परिस्थितियों में भी अपने आर्दशों को नहीं त्यागा और मर्यादा में रहते हुए जीवन व्यतीत किया।

सेवादार टेकचन्द नंन्द्राजोग (टोनी पहलवान) ने कहा कि कहते है कि रामनवमी पर भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। रामलला के जन्मोत्सव की खुशी में देशभर में पूजा के साथ-साथ शोभा यात्राएं निकाली जा रही है।

# नेत्र जांच एवं दंत चिकित्सा शिविर का किया आयोजन



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** डबुआ कालोनी स्थित सोनी पर्बलिक स्कूल में नेत्र जांच एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित पार्षद भगवान सिंह ने शिरकत की। जबकि विशेष रूप से वार्ड नम्बर-11 की पार्षद बबीता भड़ाना के पति संदीप भड़ाना मौजूद रहे। इस मौके पर सोनी पर्बलिक स्कूल के चेयरमैन डा. अमित जैन एडवोकेट व सचिन तंवर ने आए हुए सभी अतिथियों का बुक्के देकर व माला पहनाकर स्वागत किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए पार्षद भगवान सिंह व संदीप भड़ाना ने कहा कि समाजसेवियों व संस्थाओं को इस तरह के स्वास्थ्य जांच शिविरों को लगवाना चाहिए ताकि जनता इन कैम्पों में आकर अपनी जांच करवा सकें। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन डा. अमित जैन एडवोकेट व युवा समाजसेवी सचिन तंवर ने बताया कि दंत चिकित्सा शिविर मानव रचना डेंटल कालेज व नेत्र जांच शिविर तारा नेत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें 207 लोगों ने नेत्र जांच तथा 70 लोगों ने अपने दांतों की जांच करवाई। इस मौके पर लोगों को निशुल्क दवाईयां व चश्में भी भेंट किए गए। इस मौके पर लखन सिंह लोधी, रूप सिंह नोधी, अवधेश ओझा, सुनील यादव, रमेश जोशी, किशन सिंह डंग सहित मौजूद रहे।

# वीपी गोयल बने सैक्टर-10 आरडब्ल्युए के प्रधान

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** सैक्टर-10 डीएलएफ आई ब्लॉक की रैजीडेंट वैलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने उद्योगपति वीपी गोयल को निर्विरोध आरडब्ल्युए का प्रधान चुना है। बीती रात आरडब्ल्युए के सदस्यों ने बैठक आयोजित कर यह निर्णय लिया। ब्लॉक के लोगों ने नवनियुक्त प्रधान वीपी गोयल को बधाई दी। इस मौके पर नवनियुक्त प्रधान वीपी गोयल ने सभी सैक्टरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरा प्रयास करेंगे कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओ का समाधान समय पर हों। वीपी गोयल ने पुरानी कार्यकारिणी का आभार भी जताया औरे सभी से सहयोग की अपील की। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने वीपी गोयल का स्वागत किया और उनके साथ ब्लॉक की समस्याओं पर चर्चा की। इस मौके पर निवर्तमान प्रधान सुजाता यादव, ऊषा शर्मा, बीडी शर्मा, पूर्व प्रधान वाईएस आजाद, मदन गोयल, संजय मंगला, धनेश तायल, मुकेश यादव, महावीर गोयल, जगमोहन गर्ग, पवन गोयल सहित अनेक सैक्टर के लोग मौजूद रहे।

### सफाई, सीवरेज, सौंदर्यकरण होंगे प्राथमिकता

इस मौके पर नवनियुक्त प्रधान वीपी गोयल ने कहा कि वे विश्वास दिलाते हैं कि जिस विश्वास के साथ लोगों ने उन्हें प्रधान चुना है, उस विश्वास पर वे खरा उतरेंगे। क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करवाना, पार्कों का सौंदर्यकरण, सीवरेज समस्या का समाधान, लाइटें व मोबाइल टॉवर व सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित समस्याओं को लेकर वे सदस्यों के साथ बातचीत कर रूपरेखा तैयार कर क्रमबद्ध तरीके से प्राथमिता के आधार पर कार्य करेंगे। वीपी गोयल वरिष्ठ उद्योगपति होने के साथ-साथ आईएमटी इंडस्ट्रीज एसो. के उपाध्यक्ष हैं तथा लंबे समय से वैश्य समाज की कई संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरी विश्वविद्यालय सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं में भी वे सक्रिय हैं।


फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट
संपर्क करें: 9811153271









| कैटेगरी | दवाइंडिया की कीमतें | दवाई की मार्केट में औसतन कीमत | बचत (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| बीपी एवं हार्ट | ₹ 20 (10 Tab) | ₹ 67 (10 Tab) | 70% |
| एंटी-डायबिटीज | ₹ 30 (15 Tab) | ₹ 204 (15 Tab) | 85% |
| मल्टीविटामिन | ₹ 50 (15 Tab) | ₹ 110 (15 Tab) | 54% |
| नेफ्रो | ₹ 33 (10 Tab) | ₹ 347 (10 Tab) | 90% |
| डर्मा | ₹ 45 (04 Tab) | ₹ 99 (04 Tab) | 54% |
| पेन रिलीफ मेडिसिन | ₹ 35 (10 Tab) | ₹ 130 (10 Tab) | 73% |
| एंटी-कोल्ड / एलर्जी | ₹ 27 (10 Tab) | ₹ 226 (10 Tab) | 88% |
| एंटासिड | ₹ 25 (10 Tab) | ₹ 140 (10 Tab) | 82% |



OMAXE
Turning dreams into reality
250 Sqft. Shop
Starts @35.87 Lakhs
Monthly Rent 37,125/-
INVESTOR SMILE REAL ESTATE
9899403449, 9810796736